www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 321 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
16 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:43
सूर्यास्तः 05:58
अधिकतमः 28°00
न्यूनतमः 13°00



पेज 07

विशेष समाचार
चलती कार पर गिरा पोल सपा... >> पेज 04
युवाओं में डिजिटल लतः अगर... >> पेज 06
'वही कहा जो मुझे गलत लगा'...

## महाकालेश्वर में शाम तक 4 लाख श्रृद्धालु पहुंचे रतलाम का गढ़ कैलाश मंदिर 11 लाख नोटों से सजा

### लोधेश्वर धाम पहुंचे डीजीपी

यूपी के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण महाशिवरात्रि पर बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचे। यहां उन्होंने पत्नी के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार और एसपी अर्पित विजयवर्गीय समेत प्रशासनिक अफसर भी मौजूद रहे।

### काशी में निकली शिव बारात, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा शहर

काशी में शिव बारात धूमधाम से निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान शिव की झांकी, डमरू-नगाड़ों की गूंज और "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह स्वागत और पुष्पवर्षा की गई। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ बारात में भाग लिया।

महाशिवरात्रिः 12 ज्योतिर्लिंग समेत सभी शिवालयों में दर्शन-पूजा


## महाशिवरात्रि पर स्नान के बाद माघ मेला का समापन, शिवालयों में लगी लंबी लाइन

# 40 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी



परंपरा

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज, नई दिल्ली। देशभर में आज महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। 12 ज्योतिर्लिंग और शिव मंदिरों में आधी रात से ही दर्शन-पूजन करने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं। महाकालेश्वर मंदिर में आज 10 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। महाकाल मंदिर के पट रात 2.30 बजे से खुले हैं। शाम 5 बजे तक करीब 4 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे साल में एक बार होने वाली भस्म आरती भी होगी।

महाकाल का दूल्हे के रूप में श्रृंगार करने के लिए 3 क्विंटल फूल मंगाए गए हैं। 100 किलो आंकड़े के फूल, सवा लाख बेल पत्र, 200 किलो देसी फूल से बना 11 फुट का सेहरा बनाया जाएगा।


मध्यप्रदेश के खंडवा में ओंकारेश्वर मंदिर को रात 3 बजे से दर्शन के लिए खोला गया है। यहां 24 घंटे तक लगातार दर्शन पूजन किया जाएगा।

एमपी के रतलाम में बने गढ़ कैलाश महादेव मंदिर में 11 लाख रुपए के नोटों से भगवान का श्रृंगार और सजावट की गई है। 10 के सिक्कों से तोरण बनाए गए हैं।

वहीं, काशी के विश्वनाथ मंदिर में रात 2:15 बजे मंगला आरती की गई। 3:30 बजे मंदिर दर्शन के लिए खुल गया। यहां रात से भक्तों की लंबी लाइन लगी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

- काशी में शिव बारात में नागा संन्यासी भी शामिल हुए। संन्यासी चिलम फूंकते नजर आए।
- काली स्वरूप धारण किए कलाकार ने हैरतअंगेज करतब दिखाए।



'महाशिवरात्रि' के पावन अवसर एवं माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व पर तीर्थराज प्रयाग में आज 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त किया है। स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने वाले समस्त पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास हेतु पधारे साधकों एवं श्रद्धालुओं का कोटिशः अभिनंदन।
पावन स्नान पर्व के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के लिए पुलिस व स्थानीय प्रशासन, मेला प्रबंधन, स्वच्छता सेवक, स्वयंसेवी संगठन, नाविक बंधुओं तथा प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हार्दिक साधुवाद। - सीएम योगी

### वरुणेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

प्रयागराज के फूलपुर स्थित पौराणिक वरुणेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मान्यता है कि वरुणा नदी के किनारे इसी स्थान पर वरुण देव ने भगवान शिव की आराधना के बाद शिवलिंग की स्थापना की थी। तभी से इस मंदिर की विशेष महत्ता मानी जाती है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालु सुबह से लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग की गई है और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।



## एआई समिट के लिए दिल्ली में लग्जरी कारों की बंपर डिमांड

### 50% तक बढ़ा किराया, कई राज्यों से की गई बुकिंग

तैनाती

तमसा संकेत, एजेंसी




नई दिल्ली। समिट के लिए विशेष तौर पर किराये पर 5,000 से अधिक लग्जरी कारों की मांग निकली है। इसे पूरा करने के लिए दिल्ली में मौजूद विशिष्ट कारों के साथ ही राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, मुंबई जैसे राज्यों से भी कारों को मंगाया गया है। खासकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों तथा मंत्रियों के साथ ही टेक कंपनियों के दिग्गजों के बीच टोयोटा वेलफायर व हायस, मर्सिडीज-बेंज के विभिन्न सेंगमेंट के साथ ही राल्स रायल, बेंटले समेत अन्य सुपर लग्जरी कारों की मांग है।

- एआई समिट हेतु 5,000 से अधिक लग्जरी कारों की मांग
- राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, मुंबई से मंगाई जा रही गाड़ियां

मांग बढ़ने के साथ ही इनके किराये में भी 30 से 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कार बाजारों के जानकारों के अनुसार, ये मांग अचानक निकली है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## टीपू सुल्तान शिवाजी महाराज के बराबर : महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख

### बीजेपी बोली- सपकाल पागल हो चुके हैं

एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी




बुलढाणा । महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है। सपकाल ने कहा था-टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली सोच को नहीं अपनाया। दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस पर थे। वे

- पुणे में पूर्व विधायक के पोस्टर जलाए

टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे। CM देवेंद्र फडणवीस ने सपकाल के बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

### 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

देहरादून । उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की गई।

तंज बयान

### रिजिजू बोले-सदन चलाने विपक्ष के नेता का मैच्योर होना जरूरी

नई दिल्ली । केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर स्वर्गीय BJP नेता सुषमा स्वराज का पुराना वीडियों शेयर किया। उन्होंने लिखा कि एक मैच्योर विपक्ष का नेता सदन को आसानी से चलाने और पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी को बेहतर बनाने में बहुत काम आता है। रिजिजू का यह बयान बजट सत्र के पहले चरण में हुए हंगामे के बाद आया। राहुल गांधी ने चीनी टैंक की लद्दाख में घुसपैठ और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब पर बयान देने की कोशिश की थी।

### मोदी बोले-38 देशों से अपनी शर्तों पर डील कर रहे

नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आर्थिक ताकत और स्थिर नीतियों से भारत अपनी शर्तों पर समझौते कर पा रहा है। भारत 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर काम कर रहा है। FTA से टेक्सटाइल, लेदर और MSMEs को नए बाजार और ज्यादा निर्यात के मौके मिलेंगे।

## ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा : राहुल गांधी

### पीएम से किए सवाल, शाह बोले- राहुल झूठ फैला रहे

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर पोस्ट सवाल किए- ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (DDG) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को GM अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

>> (शेष पेज 06 पर)

## अखिलेश बोले- आगे भी काम करेंगे ■ नसीमुद्दीन को सपा जॉइन कराई

# 'बसपा से पुराना रिश्ता'

जॉइनिंग


हेमन्त कृष्णा



लखनऊ में सपा का शक्ति प्रदर्शनः बसपा, कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के कई बड़े चेहरे सपा में शामिल 2027 के लक्ष्य के साथ अखिलेश यादव के नेतृत्व में जुटे हजारों कार्यकर्ता

तमसा संकेत, लखनऊ । पश्चिम यूपी में मुस्लिमों के कद्दावर नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सपा का दामन थाम लिया है। रविवार को अखिलेश यादव उन्हें साथ लेकर लखनऊ में सपा कार्यालय पहुंचे। वहां पार्टी की सदस्यता दिलाई। नसीमुद्दीन के साथ 15,758 लोगों ने भी सपा जॉइन की। इसमें ज्यादातर बसपा कार्यकर्ता रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा- बहुजन समाज से पुराना रिश्ता रहा है। अब यह रिश्ता गहरा होता जा रहा है। हम लोगों का मेल-जोल बढ़ेगा। कई बार गठबंधन बनते और टूटते हैं। हमें उम्मीद है कि उस लड़ाई को और आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं- अखिलेश ने इशारों ही इशारों में बसपा सुप्रीमो मायावती को गठबंधन का ऑफर दिया है। अखिलेश ने सपा ऑफिस के मंच की दीवार यानी बैकड्रॉप पर नीला रंग भी जुड़वा दिया है। जो बसपा के झंडे का रंग है। जबकि पहले वहां हरा और लाल रंग था। वहीं, सपा जॉइन करने के बाद नसीमुद्दीन ने कहा- मैं पार्टी में सबसे जूनियर हूं। सब मेरे सीनियर हैं। मैं किसी भी पार्टी में रहा, नेता आपको (अखिलेश) मानता था। आपने कभी भी हिंदू, मुस्लिम, सिख- ईसाई की बात नहीं की, सबकी बात की।

>> (शेष पेज 06 पर)



### 'कुछ लोग शंकराचार्य को भी अपमानित कर रहे'

अखिलेश ने योगी पर निशाना साधा। बिना नाम लिए कहा- इनसे क्या उम्मीद करेंगे आप? ये हमारे शंकराचार्य का अपमान कर रहे हैं, इसके लिए भी क्या आप नया कानून लाएंगे? किसे नहीं दिख रहा कि वे खुलेआम शंकराचार्य का अपमान कर रहे हैं। क्या हमारी हैसियत है कि हम शंकाराचार्य के खिलाफ कुछ बोल दें। लीडर ऑफ अपोजिशन माता प्रसाद पांडेय, जो कभी स्पीकर भी थे, उनके बारे में क्या कह रहे थे। सबने सुना है। ये लोग जेन (ZEN-G) जी से घबराए हुए हैं। एक जेन जी बता रहा था कि सीएम का मतलब करप्ट माऊथ भी होता है।

**संबोधन : आरएसएस -बीजेपी भारत को धार्मिक देश बनाना चाहते हैं**

# वंदे मातरम वफादारी का टेस्ट ना बने : ओवैसी

- संविधान भारत माता की जय से शुरू नहीं होता - ओवैसी

तमसा संकेत, एजेंसी



हैदराबाद में शुक्रवार को असदुद्दीन ओवैसी ने सभा को संबोधित किया।

नई दिल्ली । ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (AIMIM) चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वंदे मातरम गाना और इसको सम्मान देना देश से वफादारी का टेस्ट ना माना जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) भारत को एक धार्मिक देश बनाना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी ANI को शुक्रवार को दिए इंटरव्यू में ओवैसी ने कहा कि संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है, 'भारत माता की जय' जैसे नारों से नहीं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 12 फरवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। >> (शेष पेज 06 पर)

### 'टीपू सुल्तान ने सावरकर की तरह अंग्रेजों को लेटर नहीं लिखे'

हैदराबाद में एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा कि टीपू सुल्तान अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए। टीपू ने अंग्रेजों को लव लेटर नहीं लिखे, जैसा वीर सावरकर ने किया था। उन्होंने कहा कि टीपू ने अपनी तलवार उठाई और अंग्रेजों से अपने देश को आजाद कराने की लड़ाई में शहीद हो गए। क्या यह झूठ है कि APJ अब्दुल कलाम ने अपनी किताब विंग्स ऑफ फायर में लिखा था कि आज भारत के पास जो भी मिसाइल टेक्नोलॉजी और रॉकेट टेक्नोलॉजी है, हम टीपू के सपनों को पूरा कर रहे हैं? गांधी ने अपनी यंग एज मैगजीन में लिखा था कि टीपू सुल्तान हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल हैं।

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर-राफेल

### एफ-5 होगा नाम, अभी वायुसेना के पास एफ-3, 2030 के बाद होगी डिलीवरी

सौदा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रॉ की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है।

अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से



असम में डिब्रूगढ़ के मोरन बाईपास पर शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ELF) पर राफेल ने उड़ान भरी।

### एफ-35 और सुखोई-57 से बेहतर होंगे सुपर राफेल

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### फैंस बोले- पाक को रेल दिया जाएगा, यूपी में भारत-पाक मैच, जोश हाई

# पाकिस्तान का हाल सड़क के कुत्ते जैसा : मंत्री निषाद

**कटाक्ष**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में भारत पाकिस्तान का मुकाबला आज 7 बजे से श्रीलंका के कोलंबो में होने जा रहा। मंत्री संजय निषाद ने क्रिकेट के बहाने पाकिस्तान पर कटाक्ष किया है। IANS से उन्होंने कहा-देश की भावनाओं का जुड़ाव खेल से है।...जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो सड़क पर कुत्ते इसलिए मरते हैं क्योंकि वह निर्णय नहीं ले पाते हैं कि इधर जाना है या उधर जाना है। यही कुछ देशों का हाल हो गया है,




वह निर्णय नहीं ले पा रहे हैं कि देश कैसे चलाना है, किससे संबंध रखने हैं। उधर, दोनों देशों के बीच होने वाले मैच से पहले यूपी में फैंस का जोश हाई है। लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों ने टीम इंडिया का ड्रेस पहनकर शिव जी को जलाभिषेक किया। भारत की जीत के लिए प्रार्थना की। अयोध्या में टीम इंडिया की जीत के लिए संतों ने

### अयोध्या में टीम इंडिया की जीत के लिए अनुष्ठान

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में टीम इंडिया की जीत के लिए अयोध्या में अनुष्ठान किया गया। अयोध्या में संत समाज ने भारत की जीत के लिए किया हवन और यज्ञ किया। आज शाम 7:00 से होने वाले मैच में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए महंत सीताराम दास के नेतृत्व में संत समाज ने अनुष्ठान कर जीत के लिए प्रार्थना की।

अनुष्ठान और यज्ञ किए।

काशी में सिंधिया घाट पर फैंस ने विशेष पूजा की। इसमें बटुक भी शामिल हुए। 'हर- हर महादेव' के जयघोष किए गए। फैंस के हाथों में पाकिस्तान को रेल



> भारत-पाक के बीच इससे पहले एशिया कप में 28 सितंबर 2025 को मुकाबला हुआ था। भारत ने ये मैच जीता था। लखनऊ में केडी सिंह बाबू हास्टल में मैच की विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी। गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी खिलाड़ियों के लिए मैच देखने की लाइव इंतजाम किया गया है।

दिया जाएगा... स्लोगन लिखे पोस्टर रहे। फैंस ने गंगा तट पर दीप प्रज्वलित कर भारत की जीत की कामना की। देशभक्ति के नारों के बीच फैंस ने कहा- क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होने के कारण यह देश के सम्मान से भी जुड़ा है। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर फैंस में जबदस्त जोश है। प्रयागराज में केंद्रीय विद्यालय कैंटोनमेंट बोर्ड के कोच संजीव कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने

### शिवजी और हनुमान जी टीम इंडिया को जिताएंगे

अयोध्या में महंत कुलदीप दास महराज ने कहा-टीम इंडिया की जीत के लिए और खिलाड़ियों को ताकत प्रदान करने के लिए शिवजी और हनुमान जी की विशेष पूजा की गई है। महादेव और हनुमान जी टीम इंडिया की जीत सुनिश्चित कराएंगे। अयोध्या में संत सीताराम दास महराज ने कहा-₹आज हम अयोध्या धाम में हनुमान जी के मंदिर में बैठे हैं और भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रार्थना की है कि उन्हें T-20 मैच के लिए ताकत मिले और पाकिस्तानी खिलाड़ी हार जाएं।

टीम इंडिया के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।फैंस का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी टीम इंडिया पाकिस्तान पर भारी पड़ेगी और सीधे सुपर-8 में अपनी जगह पक्की करेगी। कानपुर के क्रिकेटर कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडेय ने भारत-पाक मैच से पहले उनसे बात की। उन्होंने कहा- रात 12 बजे कुलदीप से बात हुई।

# फेयरवेल पार्टी के बाद 30 गाड़ियों से स्टंट

### छतों पर बैठे और खिड़कियों से लटके छात्र

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के एक निजी कॉलेज की फेयरवेल पार्टी के बाद छात्रों ने जानलेवा स्टंट किया। 30 से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ छात्र कॉलेज से बाहर निकले। गाड़ियों की छतों पर बैठकर और खिड़कियों से लटककर रील बनाई। इस बीच 2 कारों में जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

यह स्टंटबाजी एसआर कॉलेज के छात्रों ने इंटरमीडिएट की फेयरवेल पार्टी के बाद की। 10 फरवरी को हुए इस स्टंट का वीडियो 14 फरवरी की रात में सामने आया। वीडियो में थार, स्कॉर्पियो, अर्टिगा, डिजायर, स्विफ्ट, पंच आदि गाड़ियों से छात्र खतरनारक स्टंट करते दिख रहे हैं।

छात्रों के स्टंट का 3 वीडियो सामने आया है। एक वीडियो 34



सेकंड, दूसरा 44 और तीसरा 17 सेकंड का है। वीडियो में छात्रों का हुड़दंग साफ-साफ दिख रहा है। 34 सेकंड के वीडियो में दिख रहा है कि कारों का काफिला सड़क के किनारे खड़ा है। उसके बाद एक-एक करके कारें निकलती हैं। उनकी छतों पर छात्र बैठे हैं। खिड़कियों से लटके हैं। हाथ छोड़-छोड़कर हुड़दंग कर रहे हैं। 44 सेकंड के वीडियो में दिख रहा है कि छात्रों का काफिला सड़क से होकर खाली मैदान में पहुंचती है। यहां मैदान में कारें दौड़ती हैं। छात्र छत और खिड़की पर बैठे रहते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### बैंक से ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

लखनऊ । यूपीएसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए विभिन्न बैंकों से करोड़ों रुपए का लोन कराने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड आमिर एहसन को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। आमिर को रविवार को आईआईएम रोड स्थित सहारा होम्स के पास मड़ियांव क्षेत्र से पकड़ा गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

यूपीएसटीएफ को शिकायत मिली की कुछ लोग बैंक में अपनी पकड़ बताकर फर्जी लोन करवा रहे हैं।

### रोड एक्सीडेंट में 2 दोस्तों की मौत

मोहनलालगंज । लखनऊ के गोसाईंगंज में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। युवकों को पहले किसी वाहन ने टक्कर मारा। जब वे बाइक समेत सड़क पर गिर गए तो दूसरे अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा। यह घटना शनिवार रात करीब 10 बजे नवाब अली पुरवा गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, कोरियानी गांव के निवासी रेशु (22) और मनोज (21) अपनी बाइक से खुर्दही की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### लखनऊ में अग्निवीर भर्ती रैली

लखनऊ । लखनऊ कैंट स्थित एएमसी स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के दसवें दिन कन्नौज और महोबा जिलों के युवाओं का उत्साह देखने को मिला। रविवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए बुलाए गए 1163 अभ्यर्थियों में से 837 ने मैदान में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निर्धारित मानकों के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में घूमकर घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से 181 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। अब तक 30 लाख से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी नार्थ रिषभ रुढ़वाल ने बताया- पुलिस ने लंबे समय से एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने की शिकायत मिल रही थी। मामले के खुलासे के लिए टीम लगाई गई। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली जीएसआई ई-पॉवर हाउस चौराहा के पास स्थित एसबीआई एटीएम के पास दो संदिग्ध बिना नंबर प्लेट की बाइक से खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों



**बीटेक पास युवक स्कूल के दोस्त के साथ कर रहा था टप्पेबाजी, 181 एटीएम कार्ड बरामद**

को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान मधई का पुरवा सदर कोतवारी प्रतापगढ़ के रहने वाले शहबान (28) और लीलीपुर प्रतापगढ़ निवासी दिलशाद (26) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अलग-अलग बैंक के 181 एटीएम कार्ड, चार फर्जी आधार कार्ड, एक मोबाइल, ठगी के रुपए से खरीदी गई बाइक मिली है।

### सपा सरकार के विकास मॉडल की नकल कर रही है भाजपा, 2027 में जनता देगी जवाब

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से देश को मिला नया विजन : अखिलेश यादव



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और समाजवादी सरकार के कार्यकाल को विकास का स्वर्णिम दौर बताया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने विश्वस्तरीय Agra-Lucknow Expressway बनाकर देश को एक नई दिशा दी। आज देश में जो एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं, वे उसी विजन पर आधारित हैं। उन्होंने याद दिलाया कि समाजवादी सरकार ने दस वर्ष पूर्व इस एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमान उतारकर यह साबित किया था कि यह सड़क रक्षा



और सेना की जरूरतों के अनुरूप भी तैयार की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जहां टोल प्लाजा मुख्य मार्ग के बीच न होकर नीचे बनाया गया, जिसकी तर्ज पर अब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भी कार्य कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे मंडियां स्थापित करने और किसानों की आय बढ़ाने की योजनाएं थीं, जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती, लेकिन वर्तमान सरकार ने उन योजनाओं को आगे नहीं बढ़ाया। मुख्यमंत्री के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि केवल दिल्ली

> जातीय जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि आबादी के अनुपात में सभी वर्गों को अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

ही नहीं, उत्तर प्रदेश की हवा भी खराब है। उन्होंने नोटबंदी और कृषि कानूनों को राजनीतिक निर्णय बताते हुए कहा कि ये फैसले चुनावी लाभ के लिए लिए गए थे। अंत में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सकारात्मक और प्रगतिशील राजनीति में विश्वास करती है तथा पीडीए के साथ

### समाजवादी पार्टी सम्मान और सामाजिक न्याय की पक्षधर है

शंकराचार्य प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सम्मान और सामाजिक न्याय की पक्षधर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आलोचकों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

उन्होंने प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, ओवरलोडिंग, नशीले पदार्थों की बरामदगी और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराध की घटनाएं चिंताजनक हैं। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने किसानों की अनदेखी और बड़े रक्षा सौदों पर भी प्रश्न उठाए। वोटर सूची में गड़बड़ी और पंचायत चुनाव टाले जाने को लेकर उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि 2027 के चुनाव से घबराकर सरकार अनियमितताएं कर रही है।

मिलकर सामाजिक न्याय आधारित व्यवस्था स्थापित करने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

### लखनऊ में बेटों संग टहल रहे थे, 2002 के केस में घोषित था 25 हजार का इनाम

# काली स्कॉर्पियो से सिपाही को उठा ले गई राजस्थान पुलिस

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बालीवुड फिल्म 'अस्सी' के प्रचार के लिए निर्देशक अनुभव सिन्हा स्टॉरकॉस्ट के साथ लखनऊ पहुंचे। रविवार को गोमती नगर स्थित वेव मॉल में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुभव सिन्हा ने कहा- फिलहाल धड़कन बढ़ी हुई है। उम्मीद है लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी।

इस दौरान शहर के फैंस विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म में मुख्य कलाकार मोहम्मद जीशान अय्यूब, तापसी पन्नू हैं। कुमुद मिश्रा और मनोज पाहवा भी अहम भूमिकाओं में हैं। जैसे ही सितारों ने



अखिलेश त्रिपाठी, सिपाही

वेव सिनेमा हाल में कदम रखा, वहां मौजूद प्रशंसकों और सिनेमा प्रेमियों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। कलाकारों ने न केवल मीडिया से बात की, बल्कि दर्शकों के साथ फिल्म का प्रीमियर भी देखा। पुलिस शुरुआती जांच में चार आरोपियों को पकड़ती है। विनय के दोस्त कार्तिक (कुमुद मिश्रा) के ज़रिए मामला वकील रावी (तापसी पन्नू) तक पहुंचता है।



उधर आरोपी युवक का पिता दीपराज (मनोज पाहवा) अपने बेटे को बचाने के लिए सबूतों को मैनेज करवा देता है। कार्तिक खुद अपनी पत्नी की हादसे में हुई मौत के ट्रॉमा से गुजर रहा होता है।

जब वह देखता है कि परिमा को इंसाफ मिलने के बजाय उसका मखौल बनाया जा रहा है, तो वह कानून अपने हाथ में ले लेता है। अपराधियों का खात्मा करने निकल पड़ता है।

### दो बेटों के साथ टहलने निकला था सिपाही

लखनऊ में स्मारक समिति की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मायावती सरकार में एक विशेष सुरक्षा वाहिनी का गठन हुआ था। सिपाही अखिलेश त्रिपाठी की वाहिनी में तैनाती है। इन दिनों उनकी अंबेडकर पार्क में ड्यूटी रहती थी। रविवार सुबह वह अपने 2 बेटों के साथ टहलने निकले थे। बेटों के अनुसार, अचानक एक काली स्कॉर्पियो उनके पास आकर रुकी। कार से उतरे लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। पिता अखिलेश त्रिपाठी को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। पूरी घटना इतनी जल्दी हुई कि आसपास के लोग समझ ही नहीं पाए कि मामला क्या है? घबराकर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

### लखनऊ में 12वीं की छात्रा ने सुसाइड किया

लखनऊ । लखनऊ के मदेयगंज थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। शनिवार रात उसका शव छत की लड़की के सहारे लटकता मिला। माता-पिता शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जब वह वापस लौटे तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा की पहचान शिव चरण होटल मदेयगंज निवासी चित्रा निषाद (18) पुत्री राकेश निषाद के रूप में हुई। उसके चाचा राजेश निषाद ने बताया कि शनिवार रात चित्रा के माता-पिता शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इस दौरान चचेरा भाई किसी काम से घर गया।

काफी खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो उसने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर चित्रा फंदे के सहारे लटकती मिली। परिवार ने आनन-फानन फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# 'कॉलेज-यूनिवर्सिटी की छवि खराब होगी'

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूजीसी के कथित 'काले कानून' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बेंच द्वारा रोक लगाए जाने के बाद रविवार को लखनऊ के प्रेस क्लब, हजरतगंज में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह, याचिकाकर्ता एवं पूर्व सांसद डॉ. कुंवर हरिवंश सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आगे की रणनीति पर चर्चा की गई और यूजीसी की प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई। यूजीसी के कथित 'काले कानून' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बेंच द्वारा रोक लगाए जाने के बाद रविवार को लखनऊ के प्रेस क्लब, हजरतगंज में अहम बैठक आयोजित की गई। यूजीसी के कथित 'काले कानून' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बेंच द्वारा रोक लगाए



**यूजीसी नियम पर एपी सिंह बोले- सुप्रीम कोर्ट का नियमों पर रोक लगाना उचित**

जाने के बाद रविवार को लखनऊ के प्रेस क्लब, हजरतगंज में अहम बैठक आयोजित की गई। 15 फरवरी 2026 को आयोजित इस बैठक में डॉ. एपी सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच द्वारा रोक लगाया जाना लोकतंत्र और न्यायपालिका की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब जरूरत इस बात की है कि समाज यह समझे कि यूजीसी लागू करने के पीछे किन लोगों की सोच काम कर रही है ।

### आयोजन : टीचर के रेप के इर्द-गिर्द घूमती है फिल्म, डायरेक्टर बोले- उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी

# फिल्म अस्सी का प्रीमियर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बालीवुड फिल्म 'अस्सी' के प्रचार के लिए निर्देशक अनुभव सिन्हा स्टॉरकॉस्ट के साथ लखनऊ पहुंचे। रविवार को गोमती नगर स्थित वेव मॉल में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुभव सिन्हा ने कहा- फिलहाल धड़कन बढ़ी हुई है। उम्मीद है लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी।

इस दौरान शहर के फैंस विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म में मुख्य कलाकार मोहम्मद जीशान अय्यूब, तापसी पन्नू हैं। कुमुद मिश्रा और मनोज पाहवा भी अहम भूमिकाओं में हैं।

जैसे ही सितारों ने वेव सिनेमा



### फिल्म शुरुआत से ही झकझोरती है

कहानी की शुरुआत एक झंकझोर देने वाले दृश्य से होती है। एक महिला अर्धनग्न, क्षत-विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर फेंकी हुई मिलती है। आगे पता चलता है कि वह पेशे से टीचर परिमा (कनी कुसुरुति) है, जो अपने पति विनय (मोहम्मद जीशान अय्यूब) और बेटे के साथ एक सामान्य और खुशहाल जिंदगी जी रही होती हैं।

हाल में कदम रखा, वहां मौजूद प्रशंसकों और सिनेमा प्रेमियों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार

### तापसी बोलीं- डायरेक्टर ऐसी फिल्म बनाना बंद कर देंगे

फिल्म की मुख्य किरदार अभिनेत्री तापसी पन्नू ने कहा- अगर आप लोगों को यह फिल्म पसंद आई है तो आप इसे लोगों को बताएं, जिससे ऐसी फिल्मों को बढ़ावा मिले नहीं तो लोग ऐसी फिल्म बनाना बंद कर देंगे।

स्वागत किया। कलाकारों ने न केवल मीडिया से बात की, बल्कि दर्शकों के साथ फिल्म का प्रीमियर भी देखा। पुलिस शुरुआती जांच में चार आरोपियों को पकड़ती है। विनय के दोस्त कार्तिक (कुमुद मिश्रा) के ज़रिए मामला वकील रावी (तापसी




अभिनेत्री तापसी पन्नू ने कहा– अगर आप लोगों को यह फिल्म पसंद आई है तो आप इसे लोगों को बताएं।

> अनुभव सिन्हा ने कहा- फिलहाल धड़कन बढ़ी हुई है। उम्मीद है कि लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी। हम लोगों ने पूरी टीम के साथ में मेहनत की है। मेरे जीवन के एक हिस्से की शुरुआत लखनऊ से हुई है। इसमें मुल्क, थप्पड़, आर्टिकल 15 जैसी फिल्में लखनऊ में बनी हैं।

पन्नू) तक पहुंचता है। उधर आरोपी युवक का पिता दीपराज (मनोज पाहवा) अपने बेटे को बचाने के लिए सबूतों को मैनेज करवा देता है। कार्तिक खुद अपनी पत्नी की हादसे में हुई मौत के ट्रॉमा से गुजर रहा होता है।

# 2.22 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

### एएनटीएफ गोरखपुर ने लखनऊ से पकड़ा, वाराणसी डिलीवरी करने जा रहा था

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) गोरखपुर टीम ने लखनऊ से ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 1 किलो 110 ग्राम हेरोइन बरामद की। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ 22 लाख रुपए है। इसके अलावा एक वैगनार कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की गई है। बीते दो साल से सक्रिय तस्कर महंगी गाड़ियों से आता-जाता था।

एएनटीएफ गोरखपुर की टीम ने चिनहट क्षेत्र में कामता स्थित गैलेक्सी फ्लैट के सामने सर्विस रोड से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. वकील (36) पुत्र मो. शकील



निवासी टिकरा मुर्तजा, थाना जैदपुर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है।

एएनटीएफ के अनुसार आरोपी के कब्जे से 1.110 किलोग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 22 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक वैगनार कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 5,080 रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। बरामदगी के आधार पर चिनहट थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

> पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हेरोइन अपने गांव टिकरा मुर्तजा से लेकर आया था। उसकी मुलाकात पोलिटेक्निक चौराहे पर एक व्यक्ति से होनी थी, जिसके साथ वह वाराणसी के डीपी टोल प्लाजा के पास किसी अन्य व्यक्ति को यह खेप देने जा रहा था। इसी दौरान एएनटीएफ टीम ने उसे रास्ते में ही दबोच लिया।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

उत्साह

## शिवालयों में दिनभर गूंजते रहे जयकारे

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों और घाटों पर दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। हर-हर महादेव और बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक किया। इसके साथ ही बेलपत्र, धतूरा, भांग, बेर और गन्ना अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। मंदिरों के आसपास लगे



**जिले के विभिन्न मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कई स्थानों पर रात्रि जागरण भी हुआ। भक्तों ने सामूहिक रूप से शिव स्तुति और आरती में भाग लिया।**

मेलों में दिनभर चहल-पहल रही। प्रसाद, खिलौने, धार्मिक पुस्तकें और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी का आनंद लिया। शिवबाबा धाम परिसर में लगे मेले में विशेष आकर्षण रहा। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में तस्वीरें खिंचवाईं और मेले में खरीदारी की। बच्चों के लिए झूले और अन्य मनोरंजन के साधन भी लगाए गए थे। महाशिवरात्रि के अवसर पर उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं की भी संख्या उल्लेखनीय रही। मंदिरों में देर रात तक पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। सुबह से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का क्रम रात तक थमा नहीं। मंदिरों में लगातार श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। प्रशासन और मंदिर समितियों के सहयोग से व्यवस्था सामान्य बनी रही।

### शिवबाबा धाम और झारखंडी महादेव मंदिर में रही विशेष भीड़

अयोध्या हाईवे पर स्थित शिवबाबा धाम में तड़के चार बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। दिन चढ़ने के साथ ही भीड़ का दबाव बढ़ता गया। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए लंबी लाइनें लगी रहीं। प्रशासन की ओर से कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई थी।

इसी तरह झारखंडी महादेव मंदिर में भी आस्था का केंद्र बना रहा। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। शाम को आयोजित महाआरती में भारी भीड़ जुटी।



### घाटों और मंदिर परिसरों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रमुख मंदिरों और घाटों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए। मंदिर परिसरों में बैरिकेडिंग कर प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग बनाए गए थे, जिससे व्यवस्था बनी रही। घाटों पर भी सुबह से ही स्नान और जलाभिषेक के लिए लोगों की भीड़ रही। स्वयंसेवकों और स्थानीय समितियों ने भीड़ प्रबंधन में सहयोग किया। दिनभर प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते रहे।

# राहे निजात ग्रुप ने आयोजित किया भव्य रक्तदान शिविर

## युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, मानव सेवा का संदेश फैलाया

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। करबलाई हिन्द बड़ी दरगाह में "राहे निजात ग्रुप" के बैनर तले महत्त्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जलालपुर, मुस्तफाबाद, नागपुर, नई बाजार, जाफराबाद, उस्मानपुर और आसपास के गांवों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 43 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरत-मंद मरीजों की मदद करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ख्वाजा शफात हुसैन ने किया। रक्तदान में आरजू अब्बास, डॉ. अली हसन, मौलाना आबिद नजमी, बिलाल, तंजीम फातिमा, हज़रा हैदरी, मोहम्मद जावेद, ज़मान, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद रियाज़, कमर



अब्बास, मोहम्मद अब्बास, अमीन, मोहम्मद मेहंदी सहित कई अन्य युवाओं ने भाग लिया।

"राहे निजात ग्रुप" जलालपुर का एक सक्रिय सामाजिक संगठन है, जो मरीजों की सहायता, आपातकालीन रक्त उपलब्ध कराने और जरूरत-मंदों की आर्थिक मदद के लिए लगातार कार्यरत है। समूह के सदस्य बताते हैं कि भविष्य में ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी से परेशानी न हो। शिविर में रेहान ज़ैदी, मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी, मौलाना मीसम रज़ा जदीदी, मौलाना मुशीर, मास्टर मोहम्मद मेहंदी, बब्बी और आसिम ने उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया।

**कार्यक्रम के अंत में राहे निजात टीम ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और प्रशासन का धन्यवाद किया। टीम ने कहा कि इनके सहयोग से ही जरूरतमंद मरीजों तक समय पर मदद पहुँच पाती है और समाज सेवा का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।**

फास्ट न्यूज

### डीएम-एसपी ने किया लोधेश्वर महादेवा मंदिर का निरीक्षण

बाराबंकी। बाराबंकी में महाशिवरात्रि पर्व से पहले जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से किया गया। अधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुरक्षा व सुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### अम्बेडकर नगर में बड़ा सियासी उलटफेर

अम्बेडकर नगर । राजनीति में रविवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा उम्मीदवार कमर हयात अंसारी ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी भी मौजूद रहे। इस कदम को जिले की सियासत में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। कमर हयात अंसारी ने 12 फरवरी को बहुजन समाज पार्टी से इस्तीफा दिया था। वह लगभग 30 वर्षों से पार्टी से जुड़े थे और वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। संगठनात्मक स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका रही है। बसपा से उनका अलग होना स्थानीय स्तर पर पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### गूगल मैप से पावर हाउस ढूंढकर करते थे चोरी

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट/सर्विलांस और थाना सफदरगंज की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

## जलालपुर में निषाद समाज के तीन प्रतीकों की प्रतिमाओं का अनावरण

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर (अम्बेडकर नगर)। माधवपुर गांव स्थित बाबा फलाहारी दास राम जानकी मंदिर परिसर रविवार को ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना। निषाद समाज के तीन प्रमुख प्रतीकों— निषाद राज गुहा, एकलव्य और फूलन देवी — की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रवीण निषाद ने प्रतिमाओं का अनावरण कर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि निषाद राज गुहा रामभक्ति और निष्ठा के प्रतीक हैं। एकलव्य की गुरुभक्ति और कौशल समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वहीं फूलन देवी को संघर्ष और सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन प्रतिमाओं की स्थापना से नई पीढ़ी को इतिहास और परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



**निषाद राज गुहा, वीर एकलव्य और फूलन देवी की प्रतिमाएं स्थापित, हजारों लोग जुटे**

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकजुटता को मजबूती देते हैं और समाज को अपनी विरासत के प्रति जागरूक करते हैं। जिला पंचायत सदस्य माखनलाल निषाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में हजारों लोगों की उपस्थिति रही। मंच पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## इल्तिफ़ातगंज में निर्माण कार्य पर उठे सवाल

# सीसी सड़क के बीच खड़ा हाईटेंशन खंभा

### बीच सड़क में बाधा, बढ़ी दुर्घटना की आशंका

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। नगर पंचायत इल्तिफ़ातगंज में निर्माण कार्य को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। टाण्डा-इल्तिफ़ातगंज मुख्य सड़क से मीरापुर गांव को जोड़ने के लिए बनाई गई नई सीसी सड़क के बीचोंबीच हाईटेंशन लाइन का खंभा खड़ा है। खंभा हटाए बिना ही सड़क का निर्माण करा दिया गया, जिससे चार पहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अवर अभियंता ने मौके का समुचित निरीक्षण किए बिना कार्य को स्वीकृति दे दी। निर्माण कार्य में समन्वय की कमी को लेकर नगर पंचायत प्रशासन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का



कहना है कि जब खंभा पहले से मौजूद था तो सड़क निर्माण से पहले उसे हटाने की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई। बिना विद्युत विभाग के समन्वय के कार्य शुरू किए जाने पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से खंभा हटाने की जिम्मेदारी विद्युत विभाग पर बताई जा रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि निर्माण से पूर्व संबंधित विभागों के बीच कोई औपचारिक समन्वय हुआ था या नहीं। लाखों रुपये की लागत से बनी यह सड़क फिलहाल विवाद का विषय बन गई है।

यह मार्ग लाडे बुद्धा स्कूल के पास से कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के किनारे गुजरता है। जुनेद के घर से बिलकीस के घर तक बनाई गई इस सीसी सड़क पर बीच रास्ते में खंभा होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं के लिए यह मार्ग प्रभावी रूप से उपयोगी नहीं रह गया है। खंभे के कारण बड़े वाहनों का निकलना संभव नहीं है।

## पियारेपुर संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भक्ति और सेवा का भव्य संगम



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद के अंबेडकर नगर–अयोध्या मुख्य मार्ग पर स्थित निकट अन्नावां संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, पियारेपुर के प्रांगण में एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन-अर्चन और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने सहभागिता की। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात रही।

न्यास के अध्यक्ष संगम पांडे ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना को बल मिलता है। भविष्य में भी मंदिर परिसर में जनहित और धर्म से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखे गए, 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी

# 114 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र पहुंचे

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के सभी 114 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचा दिए गए हैं। प्रशासन ने परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजाम लागू किए हैं। प्रश्नपत्रों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित केंद्रों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। केंद्र व्यवस्थापकों को भी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से ऑनलाइन निगरानी, विशेष टीम की तैनाती और पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान टीम केंद्रों की तस्वीरें भी प्रेषित करेगी, जिससे निगरानी प्रक्रिया की पुष्टि हो सके।

### सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रूम की निगरानी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अनिय-मितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। स्ट्रांग रूम के आसपास सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।




### विशेष टीम करेगी औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा गठित विशेष टीम परीक्षा केंद्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेगी। यह टीम दिन के साथ-साथ रात्रि में भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी। निरीक्षण के दौरान टीम समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। स्ट्रांग रूम के बाहर एक लॉग बुक भी रखी जाएगी, जिसमें अंदर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

> **सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए अलग से पुलिस बल तैनात करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।**

# ग्रीनलैंड चिल्ड्रन एकेडमी का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

## शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर वक्ताओं ने दिया जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बसखारी स्थित ग्रीनलैंड चिल्ड्रन एकेडमी का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी कासिम खान ने की, जबकि संचालन हसन खान ने किया। समारोह में शिक्षा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि सांसद लालजी वर्मा तथा समाजसेवी धर्मवीर बग्गा ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकास की दिशा में स्थायी कदम बढ़ा सकता है। शिक्षा से अनुशासन, जिम्मेदारी और





नैतिक मूल्यों का विकास होता है, जो किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है। मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। यह केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने वाला माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने की अपील की।

अध्यक्षता कर रहे हाजी कासिम खान ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। उनके अनुसार तकनीकी और शैक्षणिक ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विद्यालय के डायरेक्टर जुहेब खान ने शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लगभग दो दर्जन व्यक्तित्वों को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

### कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र में शिव बाबा धाम का निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। महाशिवरात्रि के अवसर पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन सतर्क रहा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने रविवार को कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित शिव बाबा धाम का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों का अवलोकन किया गया। पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने मौके पर



मौजूद थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने और महिला सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मंदिर परिसर और आसपास नियमित गश्त जारी रखी जाए। आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल को सक्रिय रखने तथा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया।

संबोधन : 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का दावा

# बसपा ने आलापुर में भरी हुंकार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बहुजन समाज पार्टी ने आलापुर विधानसभा क्षेत्र के नरियांव सेक्टर में सेक्टर और बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने दावा किया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी पूंजीपतियों की नहीं, बल्कि गरीबों और वंचित वर्ग की पार्टी है। उनका कहना था कि पार्टी किसी पूंजीपति से चंदा नहीं लेती, जबकि अन्य दल आर्थिक सहयोग के कारण प्रभाव में काम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी



**कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष बलराम निषाद ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील सावंत और जोनल कोऑर्डिनेटर अरविंद गौतम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।**

कारण महंगाई और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। उनके अनुसार डबल इंजन की सरकार महंगाई नियंत्रित करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में असफल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से सेक्टर और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने गांव-गांव बैठकें कर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने को कहा। उनके अनुसार, विभिन्न वर्गों का समर्थन पार्टी को मिल रहा है और समाज के अलग-अलग समुदाय बसपा की नीतियों पर विश्वास जता रहे हैं।

### सपा, भाजपा और कांग्रेस पर निशाना

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन दलों ने गरीबों को केवल आश्वासन दिया, लेकिन ठोस कार्य नहीं किए।

समाजवादी पार्टी को एक परिवार तक सीमित बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में परिवारवाद हावी है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को सतर्क करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान कुछ लोग केवल वोट काटने का प्रयास करेंगे, जिनके पीछे अन्य दलों का समर्थन हो सकता है।

## जमानत पर छूटे युवक पर नाबालिग को दोबारा भगाने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि नाबालिग को पूर्व में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सिझौलिया गांव निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। उस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और छात्रा को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था।

परिजनों का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद युवक लगातार फोन कर धमकी दे रहा था। शिकायत में कहा गया है कि वह छात्रा को दोबारा अपने साथ ले जाने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात कह रहा था।

तहरीर के अनुसार 9 फरवरी 2026 को छात्रा लारपुर स्थित सरदार



पटेल स्मारक इंटर कॉलेज पढ़ने गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने अपने स्तर से तलाश की, मगर कोई जानकारी नहीं मिली।

परिजनों ने आशंका जताई है कि पूर्व में आरोपी रहे युवक ने ही दोबारा छात्रा को अपने साथ ले गया है। मामले की सूचना तत्काल सम्मनपुर थाने में दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों की ओर से उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर के आधार पर कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच की जा रही है। इससे पहले भी नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी और न्यायिक कार्रवाई हो चुकी है।

# सम्पादकीय

## शहरी विकास का एजेंडा



केंद्रीय कैबिनेट ने शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए अर्बन चैलेंज फंड (शहरी चुनौती कोष) को जो स्वीकृति दी, उसके तहत अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।

निःसंदेह शहरों के कायाकल्प की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है और आशा की जाती है कि इस योजना का हश्र स्मार्ट सिटी योजना की तरह नहीं होगा। कैबिनेट के फैसले से यह लगता भी है कि स्मार्ट सिटी योजना के अपेक्षित परिणाम न मिलने से सीख ली गई है और इसीलिए यह प्रविधान किया गया है कि केंद्र सरकार शहरों की दशा सुधारने वाली परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा तभी वहन करेगी, जब उसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया जाए। शेष 25 प्रतिशत राशि का प्रबंध राज्य सरकारों या फिर संबंधित शहरों के स्थानीय निकायों को करना होगा। राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शहरों के स्थानीय निकायों के साथ मिलकर ऐसा करने में समर्थ हों। चूंकि यह योजना इस वर्ष के बजट के उस प्रविधान के अनुरूप है, जिसके तहत शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था, इसलिए यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार शहरों की दशा सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि शहरी चुनौती कोष से अगले पांच वर्षों में शहरों में चार लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू हो सकते हैं। यदि ऐसा हो सके तो इससे बेहतर और कुछ नहीं, क्योंकि हमारे शहर नागरिक सुविधाओं के अभाव से जूझने के साथ जर्जर बुनियादी ढांचे का सामना कर रहे हैं। वे अनियोजित विकास का पर्याय भी बन रहे हैं।

इसी कारण शहरों के बुनियादी ढांचे को संवारने अथवा नागरिक सुविधाओं को ठी करने वाली कोई भी परियोजना कुछ ही वर्षों में अपर्याप्त अथवा समस्याग्रस्त नजर आने लगती है। इस विषम स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास दीर्घकालिक चुनौतियों, पर्यावरण हितों और आबादी के लगातार बढ़ते दबाव को ध्यान में रखकर किया जाए। जब ऐसा होगा, तभी हमारे शहर नगरीय जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ आर्थिक विकास के केंद्र बन पाएंगे। यदि भारत को सचमुच विकसित देश बनना है तो उसे अपने छोटे-बड़े शहरों को संवारना ही होगा, क्योंकि एक तो आने वाले समय में शहरों में रहने वाली आबादी तेजी से बढ़ेगी और दूसरे यह किसी से छिपा नहीं कि आज के युग में शहर आर्थिक प्रगति के इंजन हैं। यह अच्छा है कि केंद्र सरकार दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के साथ एक लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले औद्योगिक शहरों को भी अपनी नई योजना के दायरे में लाना चाहती है, लेकिन बात तब बनेगी जब राज्य भी अपने शहरों की सूरत संवारने की ललक दिखाएंगे।

# युवाओं में डिजिटल लतः अगर अब भी नहीं चेते, तो बहुत देर हो जाएगी

> पिछले एक दशक में भारत ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। इंटरनेट कनेक्शन 25 करोड़ से बढ़कर करीब 97 करोड़ हो चुके हैं। 5जी नेटवर्क, भारतनेट और सस्ते डेटा ने गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुंचा दी हैं।



भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की लगभग दो-तिहाई आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यही युवा भारत की आर्थिक वृद्धि, सामाजिक बदलाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की असली ताकत हैं लेकिन यही पीढ़ी आज एक ऐसे संकट की गिरफ्त में है, जो दिखता कम है और असर गहरा करता है-डिजिटल लत। इकोनॉमिक सर्वे 2025–26 ने पहली बार इस समस्या को सिर्फ़ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक खतरे के रूप में रेखांकित किया है। सर्वे बच्चों और युवाओं के 5 से 10 घंटे तक के स्क्रीन टाइम पर गंभीर चिंता जताता है और साफ़ कहता है कि अगर यह प्रवृत्ति यूं ही बढ़ती रही तो आने वाले वर्षों में इसका असर जीडीपी पर भी दिख सकता है। यही वजह है कि रिपोर्ट में छात्रों को साधारण फोन देने, सोशल मीडिया के लिए उम्र-सीमा तय करने और उम्र आधारित डिजिटल एक्सेस पॉलिसी बनाने जैसी बड़ी सिफारिशें की गई हैं।

सर्वे का आकलन साफ़ है—छोटे बच्चे और किशोर इस लत के सबसे आसान शिकार हैं। वे जल्दी फंसते हैं, गलत कंटेंट तक पहुंच जाते हैं और धीरे-धीरे स्क्रीन पर निर्भर हो जाते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स पर उम्र के हिसाब से पाबंदियां हों, ऑनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन और बच्चों के लिए सुरक्षित सेटिंग्स की कानूनी ज़िम्मेदारी दी जाए और खासकर सोशल मीडिया, जुए से जुड़े ऐप्स, ऑटो-प्ले वीडियो और आक्रामक विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यह चेतावनी हल्के में लेने लायक नहीं है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान राष्ट्रीय आय में 13 प्रतिशत से ज्यादा होने का अनुमान है और लगभग 85 प्रतिशत घरों में कम से कम एक स्मार्टफोन मौजूद है। यह उपलब्धि है लेकिन इसके समानांतर स्क्रीन टाइम भी विस्फोटक रफ्तार से बढ़ा है। करोड़ों युवा दिन का बड़ा हिस्सा मोबाइल पर बिताते हैं-ओटीटी, सोशल मीडिया और गेमिंग के बीच झूलते हुए। यहीं से सुविधा आदत बनती है और आदत कब लत बन जाती है, पता ही नहीं चलता।

इकोनॉमिक सर्वे डिजिटल लत को स्मार्टफोन, इंटरनेट, गेमिंग और सोशल मीडिया से जुड़ा नशे जैसा व्यवहार बताता है जहां व्यक्ति लगातार, अत्यधिक और जुनूनी ढंग से स्क्रीन से जुड़ा रहता है। इसके नतीजे साफ़ दिख रहे हैं: ध्यान भटकना, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई और काम में गिरावट, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक अस्थिरता। सबसे चिंताजनक असर 15 से 24 वर्ष के युवाओं में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया एडिक्शन, गेमिंग डिसऑर्डर, चिंता और अवसाद के मामले तेजी से बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक बीमारी के रूप में मान्यता दे चुका है। यह साफ़ संकेत है कि मामला अब व्यक्तिगत आदतों तक सीमित नहीं रहा-यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है।

डिजिटल लत का पहला शिकार शिक्षा व्यवस्था बन रही है। रील संस्कृति और शॉर्ट वीडियो ने युवाओं की गहन अध्ययन क्षमता को खोखला कर दिया है। लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की आदत टूट रही है। शिक्षक बताते हैं कि छात्र किताबों से ज़्यादा स्क्रीन पर निर्भर हो गए हैं। असाइनमेंट कॉपी-पेस्ट हो रहे हैं, आलोचनात्मक सोच घट रही है। यह असर केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रहेगा। अत्यधिक डिजिटल निर्भरता से काम की उत्पादकता घटेगी, स्वास्थ्य खर्च बढ़ेगा और जोखिम भरे ऑनलाइन व्यवहार से आर्थिक नुकसान होगा। सवाल सीधा है-अगर युवा मानसिक रूप से थके और असंतुलित होंगे, तो देश की कार्यक्षमता कैसे बचेगी?

दुनिया के कई देश इस चुनौती को गंभीरता से ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगाई है। चीन ने बच्चों के गेमिंग समय को सीमित किया है। इग्लैंड स्कूलों के लिए डिजिटल रेजिलिएंस फ्रेमवर्क बना रहा है और सिंगपुर मीडिया साक्षरता व साइबर वेलनेस को राष्ट्रीय प्राथमिकता दे चुका है। इन सभी प्रयासों का सार यही है कि तकनीक को हटाया नहीं जा सकता, लेकिन उसके उपयोग को दिशा दी जा सकती है।

भारत में भी पहल शुरू हुई है। सीबीएसई के सुरक्षित इंटरनेट दिशानिर्देश, प्रज्ञाता फ्रेमवर्क, टेली मानस हेल्पलाइन और कुछ राज्यों की डिजिटल डी-एडिक्शन योजनाएं स्वागतयोग्य हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि ये प्रयास बिखरे हुए हैं। डिजिटल लत पर कोई समग्र राष्ट्रीय डेटा नहीं है। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर लगभग न के बराबर हैं। शिक्षक और अभिभावक दोनों ही इस नई चुनौती के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हैं। समस्या राष्ट्रीय है, लेकिन जवाब अब भी टुकड़ों में बंटा हुआ है। अब वक्त आ गया है कि भारत डिजिटल सुविधा के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को भी नीति के केंद्र में रखे। एक प्रभावी राष्ट्रीय डिजिटल वेलनेस नीति में स्कूल पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, हर ज़िले में डिजिटल लत काउंसलिंग केंद्र, उम्र के अनुसार स्क्रीन टाइम गाइडलाइन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम पर जवाबदेही, अभिभावकों के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान और बच्चों-युवाओं को स्क्रीन से बाहर लाने के लिए खेल व सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा जैसे कदम शामिल होने चाहिए।

आख़िरकार बात इतनी बड़ी है-अगर युवा ध्यान खो देंगे तो देश दिशा खो देगा। डिजिटल तकनीक भारत की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। लेकिन मानवीय संतुलन के बिना यही ताकत अगली पीढ़ी की कमजोरी बन सकती है। इकोनॉमिक सर्वे की चेतावनी हमें अभी सोचने का मौका दे रही है। सवाल सिर्फ़ यह है-क्या हम समय रहते चेतेंगे?

**राजेश जैन**

## मंगल राजा हों तो ऊर्जा ...

अमरपाल सिंह वर्मा

# ब्रह्मांड की सरकार और धरती की राजनीति



आने वाली 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 शुरू हो रहा है। ज्योतिषियों ने बताया है कि इस बार वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। सब लोग न ज्योतिषी हैं और न खगोल के जानकार। ग्रहों की गणना समझ से बाहर हो सकती है लेकिन हरर साल यह बात पढक़र लोग ठहर जाते हैं। वर्ष के राजा के विचार में एक प्रतीक छिपा है, वह ध्यान खींचता है। इस विचार में सत्ता को लेकर एक ऐसी सोच छिपी है, जो हमारी रोजमर्रा की राजनीति से बिल्कुल अलग है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार हर नव संवत्सर के साथ सृष्टि की सत्ता बदलती है। एक ग्रह वर्ष का राजा बनता है, कोई मंत्री, कोई सेनापति, कोई वर्षा का अधिपति। यह पूरी व्यवस्था प्रतीकात्मक है। लेकिन कल्पना कीजिए कि ऊपर कहीं तो यह मान लिया गया है कि सत्ता स्थाई नहीं होती। वह हर साल बदलती है। उत्तदायित्व परिवर्तित होते रहते हं। कोई एक हमेशा के लिए नहीं बैठा रहता। यह विचार अपने आप में सुंदर है। क्योंकि हमारी धरती पर सत्ता अक्सर स्थायित्व चाहती है। यहां कुर्सी को पकड़ कर रखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक मानी जाती है। हमारी परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक ही नहीं है बल्कि आवश्यक है। फिर भी बदलाव को जोखिम समझा जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं कहती हैं कि अगर बृहस्पति वर्ष के राजा हों तो ज्ञान, संतुलन और नैतिकता के संकेत माने जाते हैं। अगर शनि हों तो अनुशासन और कठोर परिश्रम के संकेत। मंगल राजा हों तो ऊर्जा और संघर्ष होना तय है। इन मान्यताओं को कोई आस्था कहता है, कोई इन्हें सांस्कृतिक कल्पना के दायरे मं रखता है तो किसी की नजर में यह प्रतीकात्मक भाषा है। तमाम दृष्टियों के बावजूद एक बात तय है कि हर साल का स्वभाव अलग हो सकता है। हर समय एक जैसा नहीं होता। धरती पर सत्ता का लोभ इस कदर हावी है कि हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो व्यवस्था आज है, वही अंतिम है। जो सोच अभी प्रबल है, वही स्थाई है। लेकिन कैलेंडर हर साल बदलकर यह स्मरण करवा देता है कि समय स्थिर नहीं है। अगर ग्रहों की कल्पित सत्ता बदल सकती है तो मनुष्य की सत्ता क्यों नहीं? अगर ब्रह्मांड को हर साल नई दिशा दी जा सकती है तो समाज में नई सोच क्यों नहीं आ सकती? कई लोग तर्क-वितर्क करते हैं। ज्योतिष की सत्यता या असत्यता में उलझ जाते हैं लेकिन बात उस प्रतीक की है जो हमारी परंपराओं ने हमें दिए हैं। परंपराएं भूमिकाओं को अस्थाई करार देती हैं। यानी, आज जो राजा है, कल वह आम आदमी होगा। आज जो मंत्री बन उद्बोधन देता है, वह कल श्रोताओं की कतार में होगा। आज जो नीति नियंता है, निर्णय लेने में समक्ष है, कल उससे सवाल पूछे जाने अवश्यम्भावी हैं। दरअसल, जीवन भी कुछ ऐसा ही है। बचपन में पिता सवाल पूछते हैं, बड़ा होकर बेटा पूछने लगता है। कभी शिक्षक मंच पर होता है तो कभी शिष्य मंचासीन हो जाते हैं। कभी हम निर्णय लेते हैं तो कभी निर्णय मानने के लिए बाध्य हो जाते हैं। नव संवत्सर का विचार सकारात्मकता का भाव लेकर आता है। चाहे पिछले वर्ष में कितनी ही उलझनें रही हों, कितनी मुश्किलें आई हों, पर नव संवत्सर कहता है कि पुनः शुरुआत संभव है। विज्ञान कहते हैं कि अगर हर चक्र के उपरांत नया चक्र आने के प्रति कुदरत आश्वस्त रहती है तो हममें यह आश्वासन का भाव क्यों नहीं होना चाहिए? लोग अक्सर बड़े सिद्धांतों में उलझ जाते हैं। सोशल मीडिया के दौर में यह सब अधिक हो गया है। हम तर्क-वितर्क में उलझते हैं, पर इस सीधे-सहज विचार पर ध्यान नहीं देते कि काम करो और आगे बढ़ जाओ। ब्रह्मांड चल रहा है। सूर्य नित्य उदय होता है, वह क्या कोई घोषणा करता है। ग्रह अपनी कक्षा में घूमते हैं, क्या वह कोई बहस करते हैं? इनमें किसी को खुद को अपरिहार्य प्रमाणित करने के लिए श्रम नहीं करना पड़ता मगर धरती पर सब इसी काम पर पसीना बहा रहे हैं। हम धरती के लोग मानने लगे हैं कि हमारे बिना व्यवस्था ठहर जाएगी लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या कोई व्यक्ति, पद या शासन शाश्वत हुआ है? नव संवत्सर के दिन कामकाज संभालने वाली ब्रह्मांड की सरकार को चाहे कोई कल्पना माने, चाहे आस्था का हिस्सा बनाए अथवा सांस्कृतिक परंपरा की श्रेणी में रखे मगर यह तो मानना ही पड़ेगा कि यह परिवर्तन को अंगीकार करना सिखाती है। यह कुर्सी को पकड़ कर बैठने से परहेज करने की वकालत करती है। कोई चाहे खुद न समझे मगर ज्योतिषियों के सानिध्य में पहुंच कर वह ग्रहों की चाल समझने की जरूर करते हैं लेकिन ग्रहों के बहाने से कहा क्या जा रहा है, समझाया क्या जा रहा है, उसे समझने की कोशिश नहीं करते।

## आज सवर्णों...

विनय कुमार मिश्र

# आखिर भाजपा के पतन की पटकथा कौन लिख रहा है ?



कहां जाता है कि लोकतंत्र में सत्ता का हस्तांतरण जरूरी होता है नहीं तो सत्ताधारी निरंकुश हो जाता है। यहीं सवाल लोग भाजपा पर कर रहे हैं। तर्क में यूजीसी गिना रहे हैं। आखिर भाजपा इतनी बड़ी चूक कैसे करने जा रहीं थीं। कुछ विपक्षी निरंकुश बता रहे हैं तो कुछ अति बता रहे हैं लेकिन एक बात जो है वह यह है कि यूजीसी ने भाजपा का बड़ा नुक़सान किया। यह सौ आने सत्य है। ऐसा लग रहा है कि लगातार सत्ता में बनी हुईं भाजपा किसी मुगालते में जी रही है कि आखिर सवर्ण जायेंगे कहां। थक हार कर हमारे ही रहेंगे और वोट देंगे।अगर भाजपा ऐसा नहीं सोच रही थीं तो फिर यूजीसी में इतनी गंभीर खामियां क्यों कर दीं। पूर्व के सभी आंदोलनों को एक तरफ रख दिया जाय और यूजीसी को लेकर सवर्णों के क्रोध को देखा जाय तो सबसे बड़ा नुक़सान यूजीसी से भाजपा को हुआ है। इसकी भरपाई आखिर भाजपा कैसे करेगी ।

एक तरफ एसआईआर में गंभीर खामियां, फिर यूजीसी में गंभीर चूक। कोई भाजपा के पतन की पटकथा लिख रहा है क्या ? एक पर एक गंभीर चूक होती जा रही है । इसके नजदीकी चुनाव में दुष्परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। बच्चा-बच्चा जानता है कि सवर्ण भाजपा का वोट बैंक है और ऐसा मजबूत वोट बैंक जिसे कोई बहला फुसला नहीं सकता । यह भाजपा के दुख , संघर्ष में हमेशा काम आया है लेकिन जहां फायदे की बात आती है, इसे अलग कर दिया जाता है। और तो और, सवर्ण को ही हमेशा हाशिये पर रख दिया जाता है. आखिर क्यों ? यूजीसी में भी यहीं हाल है । क्या जातियां जातियों का शोषण नहीं करती हैं । कहा जाता है कि बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है। उसके लिए इस यूजीसी में कोई कानून क्यों नहीं बना। हर तरफ , हर समय , हर जगह , केवल सवर्ण ही दिखता है शोषण करने वाला । आज सवर्णों की दिन दशा मालूम नहीं है क्या ? आज जितना शोषित सवर्ण है, उतना शोषित कोई नहीं है। सवर्ण को भाजपा पर बहुत विश्वास और आशा थीं ।इस आशा और विश्वास को भाजपा के किसी विभीषण ने खत्म कर भाजपा के पतन की पटकथा लिख दी है । यह सब देखकर यही लगता है कि भाजपा में कोई ऐसा है जो भाजपा को अंदर खाने चित करने में लगा हुआ है। आप अपने पैर पर अपने ही कुल्हाड़ी मार रहे हैं । आखिर क्या कर रहे हैं इतिहास गवाह है कि जिसने भी सवर्णों के साथ गद्दारी की, आज वह सत्ता से कोसों दूर हैं और आज खुले आम मंच पर सवर्णों को लुभा रहे हैं । आप भी तो इन्हीं रास्तों पर चलने की तैयारी कर रहे हैं क्या। कहीं आप अति विश्वास के शिकार तो नहीं हो रहे हैं । याद रखिए अति हर चीज की खराब होती है।आप सबका साथ, सबका विकास का नारा दिए थे लेकिन यूजीसी से सवर्णों के विनाश की नींव रख रहे थे ।

# स्वर्ग के शैतान, कश्मीर घाटी में 35 वर्ष बाद भी बची हुई है विषबेल

आसी गच्छीए पनुनुय पाकिस्तान, बताव रोस्तुय बतेनियन सान (हमें अपना पाकिस्तान चाहिए। कश्मीरी पंडित पुरुषों के बिना, लेकिन कश्मीरी पंडित महिलाओं के साथ)।– 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में कश्मीर के मुसलमानों द्वारा सार्वजनिक पर्चों में की गई घोषणा।

मेरे पिता का देहांत हो गया है, हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनकी अस्थियां (फूल) हरिद्वार में गंगा जी में प्रवाहित करने हमें जाना है। आपसे प्रार्थना है हमें हरिद्वार यात्रा की इजाजत दें - मोहन लाल टिक्कू।

उर्दू दैनिक श्रीनगर टाइम्स के 11 दिसंबर, 1990 के अंक में छपा विज्ञापन जिसमें हिंदू परिवार इस्लामी जिहादियों से हरिद्वार जाने की अनुमति मांग रहा है।

कश्मीरी पंडित कायर थे, दगा दे गए, जिन्होंने अपनी मर्जी से घाटी को छोड़ा। उनको कश्मीर में नौकरियां दीं गईं, फ्लैट दिए गए, लेकिन वे काम नहीं करते, जम्मू में ऐश कर रहे हैं- शोपियां से स्वतंत्र विधायक शबीर अहमद कुले का जनवरी 2026 में न्यूज 18 पर बयान। (विवाद बढ़ने पर बयान वापस लिया) पृथ्वी पर भारत एकमात्र देश है, जहां के देशभक्त नागरिकों को 'स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र' में राष्ट्र ध्वज के प्रति वफादारी और धर्मनिष्ठा के कारण अंतहीन अत्याचारों का शिकार होना पड़ा। अपने ही देश में निर्वासन भोगना पड़ा। कश्मीरी हिंदू अपने घर, सेब के बगीचे, खेत, अखरोट और बादाम के पेड़, सब जस के तस छोड़कर आने पर मजबूर हुए।

कश्मीर के मुस्लिम नेता, उन हिंदुओं के मुस्लिम पड़ोसी, उनके मुस्लिम मित्र सब मुंह मोड़कर अपने ही रक्त बंधुओं और मां-बहनों को रोते-बिलखते जाते देखते रहे। किसी ने उनको रोका नहीं, किसी ने उनको बचाया नहीं। गिरिजा टिक्कू जैसे अनेक लोमहर्षक उदाहरण कश्मीर की खूनी वादियों में बिखरे हुए हैं। जेकेएलएफ (जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट) के कुख्यात मुखिया यासीन मलिक के 'काफिरों घाटी छोड़ो' ऐलान के बाद गिरिजा टिक्कू सपरिवार जम्मू आ गई।

**तरुण विजय**

## जरा हटके

## डीआरडीओ की लैब...

रामस्वरूप रावतसरे

# आसमान में भारत का एयर डिफेंस सिस्टम 'स्वदेशी सुदर्शन चक्र'




भारत अपनी सीमाओं को केवल जमीन पर ही नहीं, बल्कि आसमान में भी सुरक्षित करने के लिए एक ऐसा एयर डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा है, जिसे पार करना किसी भी दुश्मन के लिए नामुमकिन होगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत ने अपनी रक्षा रणनीति में एक बड़ा बदलाव किया है और अब पूरा फोकस 'प्रोजेक्ट कुशा' पर है।इसे 'मिशन सुदर्शन चक्र' का नाम भी दिया जा रहा है। सरल शब्दों में कहें तो यह एक ऐसा एयर डिफेंस सिस्टम है जो ड्रोन, फाइटर जेट और मिसाइलों को आसमान में ही ढूँढकर उन्हें आग के गोले में तब्दील कर देगा। डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि यह सिस्टम साल 2030 से भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनना शुरू हो जाएगा। जानकारों के अनुसार प्रोजेक्ट कुशा असल में भारत का अपना स्वदेशी 'लॉन्ग रेंज एयर डिफेंस सिस्टम' (एलआरएसएएम) है। आपने रूस के प्रसिद्ध एस-400 सिस्टम के बारे में सुना होगा, प्रोजेक्ट कुशा को भारत का एस-400 ही माना जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 'लेयर्ड डिजाइन' है। इसका मतलब है कि यह सिस्टम एक नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग स्तरों पर सुरक्षा प्रदान करेगा।

डीआरडीओ की लैब के निदेशक ए राजू के अनुसार, इस प्रोजेक्ट में तीन तरह की मिसाइलें विकसित की जा रही हैं- मार्क-1, मार्क-2 और मार्क-3। ये तीनों मिसाइलें मिलकर 60 किलोमीटर से लेकर 350-400 किलोमीटर तक के दायरे में एक अभेद्य सुरक्षा चक्र बनाएँगी। अगर कोई दुश्मन मिसाइल 350 किमी दूर है, तो उसे मार्क-3 संभाल लेगा, और अगर कोई खतरा पास आ गया है, तो मार्क-1 और मार्क-2 उसे खत्म कर देंगे। प्रोजेक्ट कुशा की ये तीन मिसाइलें भारत की इंटरसेप्शन क्षमता (दुश्मन को बीच में ही रोकने की शक्ति) को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगी। रिपोर्ट के अनुसार, मार्क-1 (एम1) मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 150 किलोमीटर तक होगी। यह उन खतरों के लिए है जो मध्यम दूरी तक पहुँच चुके हैं। इसके बाद आती है मार्क-2 (एम2), जिसकी रेंज 250 किलोमीटर तय की गई है।

सबसे खतरनाक है मार्क-3 (एम3), जो भारत की इंटरसेप्शन पावर को 350 से 400 किलोमीटर तक पहुँचा देगी। बताया जा रहा है कि यह सिस्टम इतना एडवांस होगा कि यह न केवल फाइटर जेट्स, बल्कि क्रूज मिसाइलों और 'हाई-वैल्यू' हवाई खतरों (जैसे दुश्मन के जासूसी विमान) को भी पलक झपकते ही पहचान लेगा। वायुसेना की योजना इसके 10 स्क्वाड्रन खरीदने की है, जो अगले दशक में भारत की हवाई सुरक्षा का मुख्य स्तंभ बनेंगे। भारत अब तक लंबी दूरी के एयर डिफेंस के लिए रूस या अन्य देशों पर निर्भर रहता था। एस-400 का आना एक बड़ी बात थी, लेकिन प्रोजेक्ट कुशा भारत को इस मामले में 'आत्मनिर्भर' बना देगा। 'मिशन सुदर्शन चक्र' के तहत भारतीय वैज्ञानिक मिसाइल गाइडेंस, सीकर तकनीक (जो मिसाइल को रास्ता दिखाती है) और प्रोपल्शन सिस्टम जैसी जटिल तकनीकों को खुद भारत में ही विकसित कर रहे हैं। जब यह सिस्टम पूरी तरह तैयार हो जाएगा, तो यह भारत के मौजूदा सिस्टम जैसे 'आकाश' (जो कम दूरी के लिए है) और एस-400 (जो बहुत लंबी दूरी के लिए है) के बीच के खाली स्थान को भर देगा। आकाश, कुशा और एस-400 मिलकर एक ऐसी 'मल्टी-लेयर' सुरक्षा बनाएँगे कि दुश्मन का एक परिंदा भी भारतीय वायुक्षेत्र में पर नहीं मार सकेगा। इसे 2035 तक पूरी तरह से तैनात करने का लक्ष्य रखा गया है। बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट कुशा अब केवल कागजों पर नहीं है, बल्कि यह डेवलपमेंटल ट्रायल के अहम फेज में प्रवेश कर रहा है। इसका मतलब है कि अब इन मिसाइलों के वास्तविक परीक्षण शुरू होने वाले हैं। पहले डीआरडीओ इसके तकनीकी ट्रायल करेगा, जिसमें देखा जाएगा कि मिसाइल का इंजन और रडार सही काम कर रहे हैं या नहीं। इसके बाद भारतीय वायुसेना के साथ 'यूजर ट्रायल' होंगे।

# महाशिवरात्रि



अचपल -  
शिव पथ पर  
सही बढ़ने का  
सबका चिंतन  
इस दिशा में  
सही से मार्ग  
में बढ़ने का  
मानदण्ड एक  
नहीं होता  
अपेक्षा और  
विवक्षा इस  
पथ पर बढ़ने  
का संयोजन  
करती हैं शरीर  
की क्रिया जैसे  
जीवन भर चालू  
रहती हैं वैसे ही  
शिव पथ पर  
बढ़ना होता हैं  
कोई भी व्यक्ति  
अचपल नहीं हो  
सकता हैं जो  
व्यक्ति चपलता  
को सही से  
जीवन के  
साथ आत्मा में  
आवश्यकता  
जोड़ देता हैं  
वह आगे से आगे  
अचपल की दिशा  
में बढ़ शिव पथ  
को पाता हैं ।

**प्रदीप छाजेड़ ( बोरावड़ )**

## लोगों से बोले सीएम योगी - चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान, सबकी होगी भरपूर मदद

# आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी सोएम ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान

**निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता



**गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने किया जनता दर्शन का आयोजन, करीब 150 लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं**

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश- निष्पक्षता, संवेदनशीलता और तत्परता से करें जन समस्याओं का निराकरण**

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा, 'चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजय-नाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। दृढ़ संकल्पों वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक सुपरिचित पहचान गोसेवक की भी है। जब भी वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर होते हैं गोशाला में जाकर गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। रविवार सुबह भी मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोसेवा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गायों और गोवंश को अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। सीएम योगी यहां कई गोवंश को उनके लिए रखे नामों से बुलाते हैं। रविवार सुबह उन्होंने एक गोवंश को जब यह कहकर पुकारा, 'ओ भोलू' तो श्याम रंग का यह बछड़ा भाव विह्वल होकर सीएम योगी की तरफ दौड़ पड़ा।

### मंदिर परिसर में सीएम ने बच्चों पर लुटाया प्यार, कराया अन्नप्राशन

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को अपने पास बुला लिया, उन पर खूब प्यार लुटाया। उन्होंने बच्चों से उनका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा। उनसे ठिठोली भी की और फिर स्नेहाशीष से खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी बच्चों को अपने हाथ से चॉकलेट भी दी। इस अवसर पर उन्होंने एक बच्चे को गोद में लेकर अन्नप्राशन भी कराया।

**जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।**

## पलवल में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

### 3 आरोपी यूपी और 1 मुंबई का रहने वाला



तमसा संकेत, एजेंसी

पलवल । पलवल जिला पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों पर होडल में 65 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम देने का आरोप है। होडल थाना पुलिस और सीआईए की टीम इस मामले की जांच कर रही थी। होडल सीआईए प्रभारी जगमिंदर सिंह के अनुसार, चरण सिंह कॉलोनी निवासी श्रीराम ने शिकायत दर्ज कराई थी। श्रीराम ने बताया कि 2 फरवरी की रात वह अपने परिवार के साथ गुरुग्राम में एक शादी समारोह में गए थे। अगले दिन घर लौटने पर उन्हें ताले टूटे मिले। चोरों ने घर से 14.50 लाख रुपये नकद, 32 तोला सोना और लगभग पौने तीन किलो चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी की डीवीआर भी निकाल ली थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए CIA टीम ने साइबर सेल और मुखबिरों की सहायता ली।

**फास्ट न्यूज**

### मोहन भागवत ने संघ शताब्दी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

गोरखपुर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने रविवार को संघ की शताब्दी यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में लगाई गई है। इसमें संघ की यात्रा के 100 साल एवं पंच परिवर्तन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई है। संघ प्रमुख ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### भारत-पाकिस्तान महामुकाबला, फैंस में जबरदस्त जोश

वाराणसी । टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप इस बार भारत और श्रीलंका में हो रहा है। इस वर्ल्ड कप में आज महामुकाबला इंडिया और पाकिस्तान के बीच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी की निगाहें भारतीय टीम पर है क्योंकि भारतीय टीम अभी तक 8 मैच जीतकर 8-1 से आगे चल रहा है। इस प्रतिद्वंदिता को देखने के लिए वाराणसी के उदयीमान क्रिकेटर भी तैयार हैं। उदयीमान क्रिकेटरों कहना है विराट-रोहित की कमी इस वर्ल्ड कप में खल रही थी। लेकिन शुरूआती मैच में ही इशांत किशन और सूर्या ने इसे पूरा कर दिया।

### प्रयागराज में कोर्ट के बाहर आशुतोष महाराज ने रील बनाई

प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्यवादी व पक्षकार आशुतोष महाराज ने शुक्रवार को पॉक्सो कोर्ट में नाबालिगों के बयान दर्ज कराए। इस दौरान उन्होंने रील भी बनाई। इस रील में आशुतोष महाराज फाइल लेकर प्रयागराज की जिला अदालत में पहुंच रहे हैं। इसमें बैकग्राउंड में डायलाग है- एक सलाह देता हूं, आप उसके खिलाफ जाने की जुर्रत मत करना।

## गाजे-बाजे और डीजे के धुन पर निकली गई कलश यात्रा



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी) । बदलूपुरवा गांव में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुई। गाजे-बाजे और डीजे के धुन पर निकली गई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने भाग लिया।

कलश यात्रा बदलूपुरवा गांव से प्रारंभ होकर बेलपुरवा और बल्लोपुर होते हुए तिवारी पुरवा स्थित सरयू नदी पहुंची। जहां पीत्र वस्त्र से सुसज्जित महिलाओं ने जल भरकर पुनः सिर पर कलश धारण कर भजन गाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। बच्चों और युवाओं की टोली डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश स्थापित उपरांत श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचिका राधा शास्त्री और पंडित अंशु माधव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल कराने से ही नहीं, बल्कि श्रद्धा और एकाग्रता से सुनने से भी विशेष पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मन, वचन और कर्म से कथा श्रवण करता है, उस पर ईश्वर की विशेष कृपा बरसती है। बसंत वर्मा, राजकुमार चौहान, ओमकार चौहान, पवन यादव, देवराज वर्मा मौजूद रहे।

## देवरिया में पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर, पति गंभीर घायल

# बाइक में आग लगने से महिला जिंदा जली, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी




देवरिया । देवरिया में एक शिक्षक की पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। गांव में महाशिवरात्रि की पूजा थी। इसी कारण रविवार सुबह चार बजे दोनों गांव जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पति दूर जाकर गिर गया, जबकि पत्नी बाइक पर ही रह गई। उसी दौरान गाड़ी में भीषण आग लग गई। तेज चीखने की आवाज सुनाई दी। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक पिकअप और बाइक दोनों जलकर राख हो चुकी थीं। ड्राइवर गाड़ी से उतरकर फरार हो गया। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला खुखुंदू थाना क्षेत्र के मगहरा चौराहे का है। बरहज थाना क्षेत्र के अमाव गांव निवासी गिरीजा शंकर मिश्र (52) अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह सलेमपुर के एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। उनकी पत्नी रेनू मिश्र (47) उनके साथ सलेमपुर में किराए के मकान में रहती थीं। महाशिवरात्रि के चलते रविवार और सोमवार को स्कूल में अवकाश था। गांव के मंदिर में पूजा रखी गई थी।



**क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मगहरा चौराहे पर पिकअप और बाइक की टक्कर से यह हादसा हुआ। महिला की जलकर मौत हो गई है, जबकि उनके पति का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।**

### आग लगने के बाद 10 फीट लपटें उठी

आग की लपटें पिकअप तक पहुंच गईं। चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आग देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। पुलिस को मौके से मृतका का आईकार्ड मिला, जिससे उनकी पहचान हुई। रेनू मिश्र की घटनास्थल पर ही जलकर मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फायर सर्विस टीम ने 30 मिनट में पाया काबू

घायल गिरीजा शंकर मिश्र को 108 एंबुलेंस से पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। फायर सर्विस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## पूरा मेला परिसर 'हर-हर बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान रहा

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**"अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर के प्रवेश द्वार पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, मेला सचिव एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल तथा नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी स्वयं मौजूद रहकर भीड़ प्रबंधन की निगरानी करते रहे।**

तमसा संकेत, संवाददाता




सूरतगंज (बाराबंकी)। सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पिछले दस दिनों से लगातार श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। विशेष रूप से काँवरिया श्रद्धालु बिठूर से गंगाजल भरकर पदयात्रा करते हुए लोधेश्वर धाम पहुंचे और विधि-विधान से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि के दिन पूरा मेला परिसर 'हर-हर बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालु हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, फल-फूल और प्रसाद लेकर मंदिर के गर्भगृह की ओर बढ़ते रहे। गर्भगृह में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे, जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव और निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी सुरक्षा कर्मियों के साथ तैनात रहे। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से बाहर निकाला जाता रहा। मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय प्रशासनिक अमले के साथ रात्रि में मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रांगण और पूरे मेला क्षेत्र में कोतवाल रामनगर अनिल कुमार पांडे तथा महादेवा पुलिस चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडे लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। विभिन्न सुरक्षा प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात रहा और बैरिकेडिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया गया। हालांकि इस बार महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ अनुमान से कम रही। मेले में पहले जैसी चहल-पहल देखने को नहीं मिली, जिससे दुकानदार मायूस नजर आए। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग स्थल को दूर कर दिए जाने और अत्यधिक बैरिकेडिंग के कारण बुजुर्गों व बच्चों को काफी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। बैरिकेडिंग में फंसने की आशंका से कई लोग मेले में आने से कतराने लगे हैं, जिससे मेले की रौनक पर असर पड़ा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। पेयजल,



स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। महाशिवरात्रि के अवसर पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम लोधेश्वर धाम में देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

# 12वीं के छात्र की मौत का राज मोबाइल में मिला

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज में 17 साल के इंटर के छात्र आशुतोष प्रताप गिरी की मौत का राज उसके मोबाइल में मिला। इसमें लिखा था- आई एम सॉरी तुम मर जाओ मुझसे कोई मतलब नहीं। नीचे छात्र की मौत के मामले में आरोपी बनाई गई उसकी गर्लफ्रेंड का नाम भी लिखा था।

इसी आधार पर परिजनों ने युवती समेत छह लोगों के खिलाफ एफआ-ईआर दर्ज कराई है। परिजनों का दावा है कि यह लेटर आरोपी युवती ने ही भेजा था। यह लेटर कॉपी के एक पन्ने पर लिखा गया। इसके बाद इसकी फोटो खींचकर छात्र के मोबाइल पर भेजा गया।

पुलिस का कहना है कि मोबाइल में मिले इस लेटर और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर हैंडराइटिंग और डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आई नो...कि मैं तुमसे बहुत प्यार करती रही लेकिन मैं अब तुम्हारे साथ नहीं रह सकती। 'आई एम सॉरी तुम मर जाओ मुझसे कोई मतलब नहीं'। इससे पहले इस मामले में छात्र की गर्लफ्रेंड समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। खुदकुशी के लिए उकसाने, धमकी देने और जबरन वसूली के आरोप में केस दर्ज किया गया। आरोप है कि इन लोगों ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया।

**प्रयागराज में गर्लफ्रेंड ने लिखा- आई एम सॉरी तुम मर जाओ, मुझसे कोई मतलब नहीं**

**घटना : मथुरा में हत्या के बाद खुद का गला काटा ■ 4 महीने पहले हुई थी शादी**

# साली का शादी से इनकार देवर ने भाभी को मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी



■ यह करिश्मा है, जिसकी शादी 4 महीने पहले दीपक के भाई कालू से हुई थी। आज दीपक ने भाभी करिश्मा की हत्या कर दी।

मथुरा। मथुरा में बड़े भाई की साली ने शादी से मना किया, तो देवर ने अपनी भाभी को ही मार डाला। उसके बाद खुद का गला काटकर जान देने की कोशिश की। घरवालों ने दोनों को खून से लथपथ देखा तो फौरन एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि देवर का इलाज चल रहा। उसकी हालत गंभीर बनी है।

अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घरवालों से घटना के बारे में पूछताछ की। मामला रविवार को थाना नौहझील क्षेत्र का है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया- दोपहर में अस्पताल से फोन आया था। बताया गया कि एक युवक और युवती जख्मी हालत में अस्पताल लाए गए। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर है। अस्पताल से सूचना मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर जाकर देखा तो चूल्हे की राख से ब्लेड मिला। उस पर से खून के निशान साफ कर दिए गए थे। गद्दे धोकर छत पर सुखाए गए थे। ऐसा लग हो रहा है कि हत्या के बाद सबूत मिटाने का प्रयास किया गया। मृतक महिला आगरा की रहने वाली है। उसके घरवालों को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।



### भाबई की बहन ने शादी के लिए रिजेक्ट किया था

कटैलिया बागई गांव में ज्वाला प्रसाद रहते हैं। उनके दो बेटे दीपक (23) और कालू (25) हैं। कालू की शादी 4 महीने पहले करिश्मा से बलदेव में सामूहिक विवाह समारोह में हुई थी। इस समारोह में दीपक भी गया था। वहां करिश्मा की कालू से और उसकी बहन की दीपक से शादी होनी थी। लेकिन, करिश्मा की बहन ने दीपक से शादी करने से इनकार कर दिया था। तभी से दीपक भाभी और उसके परिवारवालों से नाराज चल रहा था।

### पहले लड़की की हत्या की, फिर खुद का गला काटा

रविवार दोपहर कालू और उसके पिता खेत पर थे। इसी दौरान दीपक का अपनी भाभी करिश्मा से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद गुस्से में उसने भाभी की हत्या कर दी। फिर ब्लेड से खुद का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# गोरखपुर में हर्ष फायरिंग में डीजे ऑपरेटर की मौत

## बारात में नाचने के दौरान चली गोली, युवक के सिर में धंसी

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर के गगहा इलाके में शनिवार की देर रात एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में डीजे ऑपरेटर की गोली लगने से मौत हो गई। घटना गुरु कृपा मैरेज हाल से लगभग 100 मीटर पहले हुई, जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान डीजे ऑपरेटर छोटू (18) के रूप में हुई। घटना के बाद शादी समारोह का माहौल गमगीन हो गया। लड़की पक्ष फरीदाबाद से शादी के लिए कौड़ीराम आया था। हादसे के बाद कई बाराती लौट गए, हालांकि वैवाहिक रस्में किसी तरह पूरी कराई गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर



पूछताछ शुरू कर दी। आरोपी युवक की तलाश जारी है। इस संबंध में एसपी साउथ दिनेश पुरी ने बताया कि हर्ष फायरिंग में डीजे ऑपरेटर की गोली लगने से मौत हुई है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।" बताया जा रहा है कि उसने लगातार तीन फायर किए, जिनमें से दो गोली हवा में चली गईं, जबकि तीसरी गोली डीजे ऑपरेटर के सिर में जा लगी।गोली लगते ही डीजे ऑपरेटर छोटू (18) मौके पर गिर पड़ा। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। छोटू गोला थाना क्षेत्र के गौशाला गांव का निवासी था और डीजे ऑपरेटर का कार्य करता था।

### नाचने में चलाई गोली

घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। गगहा पांडेपार निवासी हरि गोविंद गुप्ता के पुत्र शुभ्रांश की बारात घर से निकलकर बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर के सामने स्थित गुरु कृपा मैरेज हाल में जा रही थी। डीजे की धुन पर बाराती नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बारात मैरेज हाउस से 100 मीटर पहले ही थी कि बारात में शामिल एक युवक ने पिस्टल से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।

# चलती कार पर गिरा पोल सपा नेता की मौत

## 1000 किलो वजनी था, गाड़ी 2 फीट उछली, प्रतापगढ़ में हादसा

**घटना**



घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस की जांच में सामने आया है कि लापरवाही की वजह से हादसा हुआ है।



सपा नेता खुद कार ड्राइवर कर रहे थे। पोल उन्हीं के साइड पर गिरा।

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ में सपा नेता की चलती कार पर 1000 किलो वजनी हाईमास्ट लाइट का पोल गिर गया। मौके पर ही सपा नेता की मौत हो गई। वह चीख भी नहीं पाए। पोल कार के ड्राइवर वाले हिस्से में आगे की ओर गिरा। इससे कार पीछे से दो फीट ऊपर उठ गई। घटना रविवार दोपहर एक बजे अंतू क्षेत्र के बाबूगंज बाजार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

**घटना के समय सपा नेता लाल बहादुर यादव अपनी क्रेटा कार से शहर की ओर आ रहे थे। लालबहादुर यादव (47) ने वर्ष 2022 में अंतू नगर पंचायत से चुनाव लड़ा था। वह पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार थे और उनके पास देशी शराब का ठेका भी था।**

### कार रफ्तार में थी, ऊपर से पोल गिर रहा था

पूरा हादसा पेट्रोल पंप से सटे एक बंगले के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। 14 सेकेंड की क्लिप में दिख रह है कि सपा नेता की कार तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। ऊपर से पोल गिर रहा है। पोल कुछ सेकेंड में सपा नेता की कार के अगले साइड पर गिर जाता है।

सपा नेता लाल बहादुर यादव बाबूगंज बाजार में रहते थे। वह दोपहर एक बजे के करीब क्रेटा कार से शहर की ओर जा रहे थे। घर से कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि ऊपर से हाईमास्ट का पोल उनकी कार पर गिर गया। लाल बहादुर की कार का पिछला हिस्सा हवा में उठ गया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चिपक गया। वह सीट और पोल के बीच फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने पोल सरका कर उन्हें निकाला। वह कुछ बोल भी नहीं पा रहे थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भारत पेट्रोलियम के सामने हाईमास्ट लाइट लगाने का काम चल रहा था। मजदूर पोल खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर पोल गिर गया। लालबहादुर तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़े थे। उनके 4 बेटियां और एक बेटा है। बेटा सबसे छोटा है। लाल बहादुर के पिता बड़े लाल यादव का निधन हो चुका है। सबसे छोटा भाई वकील है, जबकि बीच वाला भाई गांव में खेती-बाड़ी करता है। 4 फरवरी को उनकी इकलौती छोटी बहन की शादी थी। वहीं उनके मामा की बेटी की भी शनिवार रात शादी थी। आज सुबह वह घर आए थे और प्रतापगढ़ के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।



लाल बहादुर यादव, सपा नेता

### बिना सुरक्षा के ही पोल खड़ा हो रहा था

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पोल लगाने के दौरान लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# गोपाल जी मंदिर पर लगा फार्मर आईडी कैंप

## किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा(चौमुहां)। किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने और प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को चौमुंहा कस्बे के ऐतिहासिक गोपाल जी मंदिर परिसर में फार्मर आईडी बनाने के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान लेखपाल सतेंद्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मर आईडी बनाने का कार्य स्थानीय जनसेवा केंद्रों पर भी निरंतर चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आईडी के माध्यम से किसानों को भविष्य में खाद, बीज और कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुगमता होगी। राजस्व विभाग की



टीम ने मौके पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद किया और फार्मर आईडी की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेखपाल विशाल गुप्ता ने बताया कि इस डिजिटल पहचान पत्र से किसान की भूमि और फसल का विवरण एक जगह उपलब्ध होगा, जिससे सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आएगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित रिपोर्ट भी प्राप्त कीं। कैंप के दौरान राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल विशाल गुप्ता, सतेंद्र और हरिओम मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**फास्ट न्यूज**

### ताजमहल पर गोमूत्र चढ़ाने निकले हिंदूवादी नेता

आगरा। आगरा में ताजमहल बनाम तेजोमहालय पर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। महाशिव रात्रि पर ताजमहल पर गोमूत्र चढ़ाने पहुंचे हिंदूवादी नेता को पुलिस ने खदेड़ दिया। काफी देर तक पुलिस से नोकझोंक हुई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल महामंत्री नीतेश भारद्वाज रविवार को महाशिव रात्रि पर गोमूत्र चढ़ाने के लिए ताजमहल के पश्चिमी गेट बैरियर पर पहुंचे।

### कानपुर के सीएसए हास्टल में छात्रों के 2 गुट भिड़े

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शनिवार देर रात दो छात्र गुटों में जमकर संघर्ष हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। देर रात दोनों छात्र गुटों के बीच हुए संघर्ष में कई छात्रों के सिर फटे हैं। इसके अलावा कई छात्र घायल भी हुए हैं। मारपीट की यह घटना एग्री बिजनेस मैनेजमेंट (एबीएम) व पीएचडी के छात्रों के बीच हुई। वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि रात के अंधेरे में छात्र कैंपस में एकत्र है। हाथों में लाठी डंडे है और एक छात्र का सिर फटा हुए है।

### आगरा एयरफोर्स स्टेशन परिसर में पाकिस्तान लिखा गुब्बारा विमान मिला

आगरा । आगरा में एयरफोर्स स्टेशन परिसर के तकनीकी क्षेत्र में संदिग्ध गुब्बारा मिला है। इसका रंग हरा और सफेद है। इस पर "Pakistan International Airlines" लिखा हुआ था। एयरफोर्स की ओर से शाहगंज थाने में FIR दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिविर लगाकर हो रही कांवड़ियों की सेवा



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । शिव भक्त मंडल कैलाश मार्ग बलदेव द्वारा महाशिव रात्रि के पावन अवसर पर भंडारे,शिविर में समाजसेवियों के साथ बालक,बालिकाओं ने कबाड़ियों की सेवा की। रात्रि में सोने ,रहने की पूरी व्यवस्था शिविर में रही। अशोक अग्रवाल आढ़तियां, मुकेश अग्रवाल पटवारी ने बताया कि ये शिविर पिछले पांच साल से लगातार लग रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में कबाड़ियों की सेवा की जाती है। जिसमें भंडारे और सहायता शिविर के साथ साथ दवाइयों की व्यवस्था आयोजन स्थल गौडिया मठ के सामने रहती है । जिसमें बाल,गोपाल के साथ युवा भी शिविर में आने वाले भक्तों की सेवा बहुत ही सुंदर भाव से करते हैं। शिविर में

राकेश अग्रवाल, गोकुलेश मोदी, सोनू मोदी,सुरेंद्र सिकरवार सभासद, हरिओम वर्मा दादा,हरीबाबू मोदी आदि मौजूद रहे।

### शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने गया प्रेमी टुकड़ों में मिला

कानपुर। वैलेंटाइन डे पर शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक का शव दबौली वेस्ट स्थित खारजा नहर के पास से गुजरी रेलवे ट्रैक के किनारे टुकड़ों में पड़ा मिला। युवक अपनी बड़ी बहन से कह कर निकला था कि दीदी आज वैलेंटाइन डे पर गर्लफ्रेंड को साड़ी दूंगा, किसी को बताना नहीं, एक घंटे के अंदर वापस आ जाऊंगा।

इसके बाद युवक की देर रात में बॉडी मिली, उसकी जेब से साथी फैक्ट्री कर्मी का आईडी कार्ड गोविंद नगर पुलिस को मिला, जिससे मृतक की पहचान हुई।

जरौली फेस–2 निवासी आदर्श शर्मा (25) ऑयल टैंकर क्लीनर था। परिवार में मां शशि बड़ी बहन संध्या, सपना व छोटा भाई ऋषभ है। चाचा कमलेश व मामा महेंद्र कुमार ने बताया कि भतीजी सपना की शादी 7 फरवरी को औरैया निवासी अनुज से हुई थी। 16 फरवरी को सपना की चौथी लेने के लिए जाना था। जिसके लिए शनिवार शाम आदर्श खरीदरी करने गया था।

# महादेव मंदिरों में बही जल धारा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूरी तरह भोलेनाथ की भक्ति में डूबा नजर आया। धर्म नगरी का माहौल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। महावन के चिंताहरण महादेव पर मध्य रात्रि से ही भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा लम्बी कतारों में कांवड़ियों ने महादेव पर पर जलाभिषेक किया। वहीं विशेष आकर्षण का केंद्र रही श्री कृष्ण जन्मभूमि से निकली भगवान शिव की भव्य बारात, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली गई इस भव्य शिव बारात में भगवान भोलेनाथ नंदी की सवारी पर विराजमान दिखाई दिए। उनके साथ चल रही आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बारात में देवताओं, शिवगणों, साधु-संतों और पौराणिक स्वरूपों को दर्शाती झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान कलाकारों ने भी अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। कोई भूत-प्रेत का स्वरूप धारण किए था तो कोई गण बनकर नृत्य करता नजर आया। डमरू की ध्वनि, ढोल-नगाड़ों की थाप और शिवभक्ति गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिवगणों के रूप में सजे कलाकार उत्साह और जोश के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा मार्ग शिवमय हो गया।बारात के मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग घरों की छतों, दुकानों और सड़कों के किनारे खड़े होकर इस अलौकिक दृश्य को निहारते नजर आए। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से आए श्रद्धालु भी इस अनोखी परंपरा के साक्षी बने और उन्होंने इसे अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बताया। श्रद्धालुओं का कहना है कि शिव बारात का दर्शन करना सौभाग्य की बात है और इससे मन को अपार शांति मिलती है।भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर इस भव्य शिव बारात ने एक बार फिर साबित कर दिया कि धर्म नगरी की पहचान केवल परंपरा नहीं बल्कि जीवंत संस्कृति है, जहां हर पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### हर हर महादेव से गूंजी कान्हा की नगरी



### डीएम-एसएसपी ने शिवालयों की परखीं व्यवस्थाएं

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने जिले के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों का सघन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को परखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

**निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने प्रसिद्ध मंदिरों के गर्भगृह, निकास व प्रवेश द्वारों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंदिर समितियों को निर्देश दिए कि जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और लंबी लाइनों में पेयजल व साफ-सफाई के उचित प्रबंध रहें।**

# बुलंदशहर में शुगर मिल का कर्मचारी फंदे से लटका

## 'मेरे घर आटा भी नहीं, बेटियों का ख्याल रखना'



तमसा संकेत, एजेंसी

बुलंदशहर। बुलंदशहर में अनामिका शुगर मिल के कर्मचारी ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा- मेरे घर पर आटा भी नहीं है। कर्मचारी की पहचान शरीफ (50) निवासी अगौता के रूप में हुई है।

शरीफ की आत्महत्या के बाद घरवालों और गांववालों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। अनामिका शुगर मिल के गेट पर हंगामा किया। कर्मचारी मिल से पेस्टिसाइड लेकर बेचता था। मिल का उस पर ढाई लाख रुपए बकाया था। वहीं, प्रदर्शन की सूचना मिलने पर सीओ सिटी प्रखर पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सभी परिवार, भाई-बहन, रिश्तेदार और मिलने वालों को अस्सलामअलैकुम। आप लोग मुझे माफ कर देना। मेरे बाद परिवार और मेरी बेटियों का ध्यान देना। उनका मेरे सिवा कोई नहीं। मैं बहुत मजबूरी में ऐसा कदम उठा रहा हूं। अल्लाह हाफिज। शरीफ पिछले 20 साल से अनामिका शुगर मिल में काम कर रहे थे। उनके घरवालों ने शुगर मिल मैनेजमेंट पर शरीफ का मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। कहा कि मिल के अधिकारी नीरज उज्ज्वल शरीफ से किसानों को दी गई दवा का भुगतान करने की मांग कर रहे थे। भुगतान न करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने मैनेजमेंट से मृतक के बेटे को नौकरी और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।



शरीफ, मृतक

### मिल में ढाई लाख जमा करने थे

अगौता कस्बे के समाजसेवी रहीस ने बताया कि शरीफ अगौता चीनी मिल से पेस्टीसाइड लेकर किसानों को बांटता था। मिल मैनेजमेंट शरीफ पर ढाई लाख रुपए जमा करने का दबाव बना रहा था। इसके चलते ही वह आत्महत्या करने पर मजबूर हुआ। सारा दोष मिल प्रबंधन और उनके अधिकारियों का है। हम चाहते हैं कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में ऐसी घटना न हो। पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाई जाए।

# गाजियाबाद में किसानों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

## खेतों में दौड़ाकर पीटा, गुस्साई भीड़ ने भी पत्थर मारे

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । गाजियाबाद में डंपिंग ग्राउंड को लेकर रविवार को बवाल हो गया। ट्रॉनिका सिटी में बन रहे डंपिंग ग्राउंड का किसान विरोध कर रहे थे। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।

पुलिस उनको जबरिया हटाने लगी और गाड़ियों में भरना शुरू किया, तो किसान उग्र हो गए। इस पर गुस्साई भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

इसमें कई महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए। एक बुजुर्ग महिला तो बेहोश हो गई। गांववालों का दावा है कि करीब 25 लोग घायल हुए हैं। एक महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है, वहीं एक ग्रामीण का कूल्हा टूट गया। किसानों का कहना है कि हम सिर्फ अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। यहां डंपिंग ग्राउंड बनने से पूरे इलाके में बदबू फैलती है। लोग बीमार होते हैं। इस जमीन पर स्कूल या अस्पताल बनाया जाना चाहिए, न कि कूड़ाघर। मामला ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र का है।



### किसान डंपिंग ग्राउंड का कर रहे विरोध

मीरपुर हिंदू गांव में डंपिंग ग्राउंड बना है। इसके विरोध में किसान और ग्रामीण धरना दे रहे थे। इसी बीच वहां पहुंची पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई। स्थिति उस समय बिगड़ गई, जब पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई किसान, महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए। गांववालों का कहना है कि वे शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे। अचानक पुलिस ने लोगों को जबरन गाड़ियों में बैठाना शुरू कर दिया। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो उन पर भी लाठियां चलाई गईं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 40 लाख श्रद्धालुओं ...

झारखंड के देवघर में बाबाधाम मंदिर में शनिवार को पंचशूलों की विशेष पूजा हुई। मंदिर के शिखरों पर पंचशूलों की पुनर्स्थापना के बाद बाबा बैद्यनाथ-माता पार्वती का गठबंधन हुआ।

### एआई समिट के लिए ...

कुछ दिनों में पंचतारा होटल्स, दूतावास के साथ ही टूर ट्रैवेल कंपनियों की ओर से यह मांग आई है, जिसे पूरा करने के लिए देशभर में उपलब्ध सुपर लग्जरी कारों को दिल्ली मंगाया जा रहा है। ऐसे में लाजमी है कि इनका किराया डेढ़ गुना तक हो गया है।

इंडियन टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सचिव व बख्शी ट्रांसपोर्ट के मालिक कंवलीज साहनी के अनुसार, हफ्तेभर के भीतर में यह मांग निकली है। विशेष बात कि ये बुकिंग एक सप्ताह से 10 दिनों तक के लिए है। जितनी मांग है उतनी गाड़ियां दिल्ली में नहीं है।

### टीपू सुल्तान शिवाजी ...

BJP प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रेसिडेंट का दिमाग खराब हो गया है, वह पागल हो गए हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए।

हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि मुझसे जो मूल प्रश्न पूछा गया था, मेरा वक्तव्य उसी संदर्भ में है। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि मैं चर्चा के लिए तैयार हूं। जो प्रश्न पूछा गया था, मेरे उत्तर के संदर्भ में ही मेरा बयान है। जहां तक शिवाजी महाराज की बात है तो उनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती।

शिवाजी का जन्म 1627 में हुआ था। उन्होंने मुगलों और दक्खन (दक्षिण) की रियासतों से लोहा लेकर मराठा साम्राज्य की नींव रखी। 1675 में उनका राज्याभिषेक हुआ था। शिवाजी ने हैंदव-धर्मोधारक (हिंदू धर्म के रक्षक) की उपाधि धारण की थी। 1680 में उनका निधन हो गया।

वहीं, टीपू सुल्तान मैसूर के शासक थे। 1751 में जन्मे टीपू 1782 में पिता हैदर अली की मौत के बाद मैसूर की गद्दी पर बैठे। चौथे आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799) में उनका निधन हो गया। टीपू फ्रांसीसियों पर काफी भरोसा करते थे। 1798 में टीपू और नेपोलियन के बीच पत्र व्यवहार हुआ था। इसमें नेपोलियन ने अंग्रेजों के खिलाफ एकजुटता और उन्हें उखाड़ फेंकने को कहा था।

### ट्रेड डील में किसानों ...

अगर हम GM सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर GM फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या MSP और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?

एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राहुल पर आरोप लगाया कि वे US, UK और EU के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं।

शाह ने यह भी कहा कि राहुल कोई भी प्लेटफॉर्म चुन लीजिए। BJP युवा मोर्चा के प्रेसिडेंट भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनकी भलाई के लिए काम किया है।

उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को मजाकिया बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 2014 के बाद ऐसे किसी भी नियम को आगे नहीं बढ़ाया, जिससे किसानों को नुकसान हो। सरकार ने हर समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर के हित सुरक्षित रखे हैं। किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### 'बसपा से पुराना ...

फिर उन्होंने शायरी पढ़ी- हयात लेके चलो कायनात लेके चलो, चलो तो सारे जमाने को साथ लेके चलो

योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- हमें चिड़िया की आंख में निशाना लगाना है। सत्ता बदलनी है। 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस समय अपराध चरम पर है। ज्यादा बोलोगे तो बुलडोजर चल जाएगा। कोई नहीं बच रहा है।

फिर दोबारा शायरी पढ़ी- दुनिया में कहीं ऐसी तमसीद नहीं मिलती, कातिल ही मुहाफिज है कातिल ही सिपाही है। महसूस ये होता है कि ये दौरे तबाही है, शीशे की अदालत है पत्थर की गवाही है।

नसीमुद्दीन ने 24 जनवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। माना जा रहा था कि वे चंद्रशेखर आजाद की पार्टी (आजाद समाज पार्टी) जॉइन करेंगे या फिर अपनी पार्टी बनाकर उससे समझौता करेंगे। लेकिन समीकरण बदले और बीते शुक्रवार को उन्होंने सपा जॉइन करने का ऐलान कर दिया।

### वंदे मातरम वफादारी ...

आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की आलोचना करते हुए कहा कि जस्टिस कपूर कमीशन ने सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या का साजिशकर्ता बताया था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कयामत शब्द का इस्तेमाल करने के लिए कटाक्ष किया। योगी बोले थे बाबरी मस्जिद कभी भी फिर से नहीं बनाई जाएगी।

ओवैसी ने कहा- कम से कम उन्हें एक उर्दू शब्द तो बोलना चाहिए था, 'कयामत' के लिए हिंदी शब्द क्या होगा। उनसे पूछो। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मोशन में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की बातों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि BJP ने तेलंगाना म्युनिसिपल इलेक्शन के दौरान बार-बार उनका नाम लिया और मजाक में कहा कि ऐसा लगता है कि वे मुझे पसंद करते हैं।

### भारत को मिलने वाले ...

फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे। दसॉ एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60% कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग P8-I सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है।

सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव), आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, टी-72 टैंक तथा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहॉल को मंजूरी।

## इस मैच को लेकर दोनों देशों के क्रिकेट फैंस के बीच गजब का उत्साह

# कप्तान सूर्यकुमार यादव नहीं मिलाएंगे सलमान से हाथ

> इस महामुकाबले से एक दिन पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सलमान आगा ने कहा कि इस बारे में हम कल देखेंगे। आगा ने साफ किया कि किसी भी परिस्थिति में 'खेल भावना' को बनाए रखा जाना चाहिए।

**विवाद**

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में हाईवोल्टेज मुकाबला आज खेला जाना है। टी-20 विश्व कप में दोनों टीमें 9वीं बार आमने-सामने होंगी। इस मैच को लेकर दोनों देशों के क्रिकेट फैंस के बीच गजब का उत्साह हैं। हर किसी की नजरें इस पर भी बनी हैं कि क्या दोनों टीमों के कप्तान आपस में टॉस के दौरान हैंडशेक करते दिखेंगे या नहीं? इसको लेकर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बड़ा अपडेट दे दिया है। अब आज यानी 15 फरवरी को टी-20 विश्व कप 2026 में जब भारत-पाक की टीमें आपस में टकराएंगी, तो क्या हैंडशेक प्रोटकॉल देखा जाएगा? तो बता दें कि ऐसा नहीं होने वाला है। कप्तान सूर्या ने ये कह दिया है कि वो सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाएंगे। आगा ने कहा कि क्रिकेट (सही) भावना के साथ खेला जाना चाहिए। उनकी व्यक्तिगत राय शायद मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरीके से खेला जाना चाहिए, जिस तरह से इसे हमेशा खेला जाना चाहिए था। क्या करना है, यह तय करना उन पर निर्भर है। हालांकि इसपर टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि इसे मैच के समय पर छोड़ दीजिए। आप अच्छी नींद लीजिए, कल देखिए क्या होता है। सूर्या ने ये बात हंसते हुए कही।

### सूर्यकुमार यादव नहीं मिलाएंगे कप्तान सलमान से हाथ

बता दें कि साल 2025 एशिया कप के दौरान हैंडशेक विवाद सामने आया था, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाने का निर्देश मिला था। एशिया कप में तीन बार भारत-पाक के बीच भिड़ंत हुई थी और तीनों बार उन्होंने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाने का प्रोटोकॉल जारी रखा। इसके बाद सिर्फ सीनियर टीम ही नहीं, बल्कि नो-हैं-डशेक को जूनियर टीम ने भी फॉलो किया।

# अभिषेक फिट हों तो टीम और खतरनाक स्पिन से निपटने की क्षमता भारत में

## भारत-पाक मैच से पहले फिंच ने दिया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरॉन फिंच ने कई अहम मुद्दों पर बात की। शुक्रवार को मीडिया-डे पर जियोस्टार एक्सपर्ट फिंच ने कहा कि अगर अभिषेक शर्मा फिट होकर वापसी करते हैं तो भारत की टीम और भी मजबूत हो जाएगी।

फिंच के मुताबिक, अभिषेक गेंद की पहली ही डिलीवरी से अटैक पर हावी होने की क्षमता रखते हैं और दुनिया में बहुत कम खिलाड़ी हैं जो इस अंदाज में लगातार दबाव बना सकें। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि टूर्नामेंट के आगे के स्टेज को ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

सवाल पर फिंच ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ भारत स्पिन अटैक से निपटने के लिए काफी समझदारी दिखाएगा। दिल्ली में खेले गए मुकाबले में इरास्मस ने चार विकेट लिए थे, जहां पिच मैच के आगे बढ़ने के साथ थोड़ी धीमी हो गई थी। हालांकि भारतीय बल्लेबाज स्पिन खेलने में माहिर हैं, लेकिन कोलंबो में उन्हें अपनी रणनीति बदलनी होगी। कोलंबो की परिस्थितियां भारत से अलग हैं। यहां के मैदान बड़े हैं और बाउंड्री लंबी है, जबकि पिचें आमतौर पर खासकर मिडिल ओवरों में बल्लेबाजी के लिए सपाट रहती हैं।

ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजों को हर गेंदबाज पर हमला करने के बजाय अपने खास मैच-अप को टारगेट करना होगा। बड़ी बाउंड्री के कारण हल्की सी गलती भी कैच में बदल सकती है। इसलिए शॉट सिलेक्शन और धैर्य दोनों महत्वपूर्ण होंगे। भारत के पास अनुभव की कमी नहीं है। टीम में बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का अच्छा संतुलन है, जो स्पिन के खिलाफ काफी अहम साबित होता है। एक जैसे हाथ के दो बल्लेबाज क्रीज पर होने से विपक्षी टीम स्पिन का फायदा उठा सकती है, लेकिन भारत ने इस पहलू को भी संतुलित रखा है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के स्ट्राइक रेट पर चल रही बहस पर फिंच ने कहा कि टी-20 में एंकर की भूमिका खत्म नहीं हुई है। धीमी पिचों पर पारी को संभालने, स्ट्राइक रोटेट करने और सेट बल्लेबाज को अधिक गेंदें देने की खासियत बेहद अहम है। उनके मुताबिक, जीत में योगदान सबसे बड़ा पैमाना है, न कि सिर्फ स्ट्राइक रेट।

# महामुकाबले से पहले पाकिस्तान के डगआउट में निकला सांप

## कोलंबो के आर. प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-पाक मैच



नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सबसे बड़े मैच से पहले एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। आर. प्रेमदासा स्टेडियम में जब पाकिस्तानी टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंचने वाली थी, ठीक उससे पहले उनके डगआउट में एक सांप देखा गया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इसे मैच के रोमांच से जोड़कर देख रहे हैं।

शुक्रवार शाम यानी 13 फरवरी को जब कप्तान सलमान अली आगा और उनकी टीम ट्रेनिंग के लिए मैदान पर आने वाली थी, तभी डगआउट में हलचल मच गई। सांप को देखकर सुरक्षाकर्मी और स्टाफ तुरंत अलर्ट हो गए। हालांकि, किसी को चोट नहीं आई, लेकिन इस घटना ने इंटरनेट पर मीम्स की बाढ़ ला दी है। सांप ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान टीम भारत के खिलाफ अपनी रणनीति को लेकर भी चर्चा में है। खबरों की मानें तो पाकिस्तान इस मैच में 4 स्पेशलिस्ट गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। दो स्पिनर- अबरार अहमद और उस्मान तारिक, दो तेज गेंदबाज- शाहीन शाह अफरीदी और सलमान मिर्जा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऑलराउंडर्स में से किसे मौका मिलेगा? सूत्रों के अनुसार, भारत की टीम में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा जैसे कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। ऐसे में पाकिस्तान बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज को बाहर बैठा सकता है। उनकी जगह फहीम अशरफ और शादाब खान को मौका मिल सकता है क्योंकि शादाब की लेग-स्पिन भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ कारगर साबित हो सकती है।

## आज खेला जाना है भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला, कोलंबो के आर. प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा मैच

# मैच से पहले सूर्या ने ढूंढ निकाला उस्मान का तोड़

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच से पहले पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक की चर्चा काफी जोरों-शोरों से हो रही हैं। भारत पहली बार उनका सामना करेगा और कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम पर उन्हें पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है।

सिर्फ 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बावजूद उस्मान कई कारणों से सुर्खियों में है। उनकी विकेट लेने की क्षमता, उनका अलग तरह का गेंदबाजी एक्शन हर किसी की चर्चा हो रही है। इस बीच भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच से पहले नेट्स पर भी कुछ ऐसा किया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि अभिषेक शर्मा फिट हो गए हैं और नेट्स में उन्हें शनिवार को देखा गया था। कप्तान सूर्या ने भी मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके खेलने पर पुष्टि की। ऐसे में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि, कुलदीप यादव को मौका दिया जाएगा कि नहीं, ये कुछ समय बाद पता चल ही जाएगा, क्योंकि अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप को खिलाना एक अच्छा ऑप्शन रहेगा। इसके पीछे का कारण कोलंबो की पिच है, जो स्पिनर्स की मददगार रही है। पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक की चर्चा काफी हो रही है। पीटीआई से बातचीत में हरभजन सिंह ने कहा, देखिए मैंने, उन्हें आईएलटी20 में गेंदबाजी करते देखा है, जहां वह बेहतरीन गेंदबाजों में से एक थे। जब भी उन्हें सेमीफाइनल और फाइनल खेलने का मौका मिला है, वो मैन ऑफ द मैच रहे। वह अन्य स्पिनरों से अलग हैं और उनके पास काफी विविधिताएं हैं। लोग उनके 'स्टैंड एंड डिलीवर' एक्शन की बात कर रहे हैं। यह आसान नहीं है। कोई भी खड़े होकर गेंद फेंक सकता है, लेकिन अलग-अलग वैरिएशन होना जरूरी है जो उनके पास है।

### कप्तान सूर्या ने की उस्मान तारिक के बॉलिंग एक्शन की कॉपी



दरअसल, 14 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले जब भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरी तो उनके दिमाग में उस्मान तारिक का वो बॉलिंग एक्शन भी था, जो थोड़ा पॉज करके साइड ऑन एंगल से गेंदबाजी करते हैं। इस वजह से भारतीय कप्तान सूर्या ने भी नेट्स में थोड़े समय के लिए गेंदबाजी की कमान संभाली और उस्मान तारिक की तरह अपनी ऐक्शन पॉज करने के बाद रिंकू सिंह के लिए गेंदबाजी की। हालांकि, उस्मान तारिक को लेकर भारतीय खेमे में कोई डर की भावना नहीं है, क्योंकि सूर्या ने सिर्फ मजे के लिए उनके बॉलिंग एक्शन की नकल की, क्योंकि अगर डर होता तो फिर वे और अन्य सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी उसी एक्शन से लगातार गेंदबाजी नेट्स में करा सकते थे।

## मनोरंजन



**अनुराग कश्यप ने धुरंधर फिल्म की आलोचना पर बात की**

**फैन क्लब्स के बैकलैश को 'सोशल मीडिया कंस्ट्रक्ट' कहा**

**क्रिटिक्स पर हुए हमलों को अनावश्यक बताया**

### धुरंधर की वजह से क्रिटिक्स पर हुआ हमला

अनुराग कश्यप ने फिल्म क्रिटिक सुचारिता त्यागी के साथ बातचीत में सोशल मीडिया क्रिटिजिस्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा, ÷यह बैकलैश वाली बात फिर से सोशल मीडिया की बनाई हुई है। द न्यू यॉर्कर में एक बढ़िया आर्टिकल था कि कैसे साउथ में हीरो बनाने के लिए फैन क्लब बनाए गए।

## धुरंधर की आलोचना पर अनुराग कश्यप ने तोड़ी चुप्पी

# 'वही कहा जो मुझे गलत लगा'

नई दिल्ली। रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर (Dhurandhar) खूब चर्चा में रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर तगड़ा क्रेज दिखा। बॉक्स ऑफिस पर धांसू कलेक्शन हुआ। यह हाइएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बन गई।

राम गोपाल वर्मा, आलिया भट्ट, करण जौहर समेत कई स्टार्स और फिल्ममेकर्स ने धुरंधर की तारीफ की। मगर कुछ क्रिटिक्स और जानी-मानी हस्तियों ने फिल्म की आलोचना भी की। अनुराग कश्यप (Anurag Kashyap) भी उन्हीं में से एक थे।

अनुराग कश्यप ने आगे कहा, ÷किसी ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया और कहा कि आपने क्रिटिक्स गिल्ड पोस्ट शेयर किया है। इंडस्ट्री से किसी ने शेयर नहीं किया। पर आपको धुरंधर में अच्छा भी लगा बहुत कुछ। मैंने वही कहा जो मुझे गलत लगा और मैंने यह भी कहा। जो चीज गलत है वो गलत है। मुझे कैसी लगी इसका मतलब यह नहीं है कि मैं अपनी राय किसी और पर थोपूंगा। तुम क्या देख रहे हो फिल्म में, वो तुम देख रहे हो। जो मैं देख रहा हूं, वो मैं देख रहा हूं। अनुराग कश्यप ने कहा इसमें से बहुत कुछ ऑर्गेनिक नहीं है। मुझे सच में लगता है कि यह ऑर्गेनिक नहीं है। मैं हाल ही की एक फिल्म धुरंधर के बारे में बात करूंगा। जिस तरह से सब पर अटैक किया गया, वह अनावश्यक था।



### अनुराह कश्यप ने की थी धुरंधर की आलोचना

**अनुराग कश्यप ने धुरंधर की तारीफ के साथ-साथ इसके कुछ डायलॉग्स की आलोचना की। अब उन्होंने एक्टर्स के फैन क्लब्स से फिल्म क्रिटिक्स को मिलने वाले नेगेटिव रिव्यू के खिलाफ बात की है। उनका कहना है कि फैन क्लब्स का बैकलैश 'सोशल मीडिया कंस्ट्रक्ट' है।**



## शनिवार में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 14.50 करोड़, वीकेंड का फायदा मिला, 43 प्रतिशत उछाल मिली

# ओ रोमियो ने दो दिनों में कमाए 23.51 करोड़

### वीकेंड का मिला फायदा, 45 पर्सेंट की उलाछ मिली



**फिल्म ओ रोमियो को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है, जिसमें तृप्ति डिमरी, शाहिद कपूर, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर अहम किरदारों में हैं। ये शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की साथ में चौथी फिल्म है, इससे पहले दोनों फिल्म कमीने, रंगून और हैदर में साथ काम कर चुके हैं।**



बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेबसाइड सैकनिल्क के मुताबिक, 13 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म ओ रोमियो ने 9 करोड़ का कलेक्शन किया था, जिसके बाद शनिवार को फिल्म ने 14.50 करोड़ के लगभग कमाई की है। इसी के साथ फिल्म ने कुल 23.51 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। ओपनिंग डे के मुकाबले फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में 45 प्रतिशत का उछाल देखने मिला है। फिल्म देशभर में 4700 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म की ऑक्यूपेंसी लगभग 19.3 प्रतिशत है। अनुमान है कि शनिवार की ही तरह रविवार को भी फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

नई दिल्ली। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो ने दो दिनों में 23.51 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने 9 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था, जिसके बाद अब फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला है। ओ रोमियो के साथ ही रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 भी सिनेमाघरों में है। 30 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 43.15 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म से पहले 23 जनवरी को सनी देओल की मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई थी। बॉर्डर ने बॉक्स ऑफिस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रिलीज के 23वें दिन यानी इस शनिवार 1.90 करोड़ का कलेक्शन किया है।

# राजपाल यादव को बेल मिलने का दावा गलत



नई दिल्ली। चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में बंद राजपाल यादव का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि एक्टर को बेल मिल चुकी है, जिसके बाद उन्होंने सलमान खान को शुक्रिया किया है। हालांकि ये दावा गलत है। वायरल हो रहा वीडियो काफी पुराना है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राजपाल यादव कह रहे हैं, 'सलमान भाई बड़े भाई की तरह हैं। सलमान भाई के साथ घर में बैठकर, उनके साथ बहुत खुशी महसूस हो रही है। सलमान भाई जैसे इंसान अपनी इंडस्ट्री में बहुत कम हैं। वो हमेशा लोगों के लिए खड़े रहते हैं। और हमने तो 20 साल से लगातार सलमान भाई के साथ 10-12 फिल्में की हैं। मैं पूरी तरह से राहत महसूस कर रहा हूं और उनके अच्छे की कामना करता हूं।' इस वीडियो के साथ दावा किया गया कि राजपाल यादव को चेक बाउंस केस में जमानत मिली है, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक मदद देने के लिए सलमान का शुक्रिया अदा किया है। हालांकि फैक्ट चैक में सामने आया है कि ये वीडियो 8 साल पुराना है। ये वीडियो तब का है जब सलमान खान को काला हिरण शिकार मामले में बेल मिली थी। 2018 के इस वीडियो में राजपाल यादव सलमान की बेल पर बात कर रहे हैं न कि अपनी बेल पर।

राजपाल यादव की बेल याचिका पर 12 फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट में हुई थी। कोर्ट से एक्टर की जमानत याचिका खारिज हो गई है।

## उप विदेश मंत्री बोले- ट्रम्प प्रतिबंध हटाएं तो डील संभव, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर विवाद अटका

# अमेरिका से परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए ईरान तैयार

**इच्छा**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने की इच्छा जताई है। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त-रवांची ने BBC को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर बात करने को तैयार है, तो हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई मुद्दों पर समझौता करने के लिए तैयार है।

दोनों देशों के बीच बातचीत का अगला दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है। वहीं अमेरिकी अधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि



परमाणु वार्ता में प्रगति रुकने की वजह ईरान है, न कि अमेरिका।

हालांकि, तख्त-रवांची ने दोहराया कि ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा। यह मुद्दा इजराइल और अमेरिका दोनों उठाते रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'जब हम पर इजराइल और अमेरिका ने हमला किया तो हमारी मिसाइलों ने हमारी रक्षा की। हम अपनी रक्षात्मक क्षमता से खुद को कैसे वंचित कर सकते हैं?'ईरान की एक बड़ी शर्त रही है कि बातचीत सिर्फ परमाणु मुद्दे पर हो। तख्त-रवांची ने कहा कि उनकी समझ है कि अगर समझौता करना है तो फोकस परमाणु मुद्दे पर ही रहेगा।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है।

**ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं।**

### अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल

दूसरी ओर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समझौता चाहते हैं, लेकिन ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल है।

ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसके साथ ही अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी भी बढ़ाई है।

**ईरान के पास 400 किलो से ज्यादा उच्च स्तर पर इंरिच्ड यूरेनियम का भंडार है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत उसने अपना यूरेनियम रूस भेजा था। इस बार क्या वह ऐसा करेगा, इस पर तख्त-रवांची ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। रूस ने दोबारा यह सामग्री स्वीकार करने की पेशकश की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान अस्थायी रूप से यूरेनियम इंरिचमेंट रोकने का प्रस्ताव भी दे चुका है।**

### रवांची बोले- हमने 60% इंरिच्ड यूरेनियम घटाने का प्रस्ताव दिया

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता एक लंबे समय से चल रही विवादास्पद बातचीत है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है। जिससे वह परमाणु हथियार न बना सके। मजीद तख्त-रवांची ने कहा कि ईरान ने 60% तक इंरिच्ड यूरेनियम को कम करने का प्रस्ताव दिया है। यह स्तर हथियार-ग्रेड के करीब माना जाता है और इसी वजह से दूसरे देशों को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। हालांकि ईरान लगातार इससे इनकार करता रहा है। उन्होंने कहा, 'हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य मुद्दों पर बात करने को तैयार हैं, बशर्ते वे प्रतिबंधों पर चर्चा करें।'

## सीनियर सिटीजंस स्कीम में हर महीने 20,500 तक की कमाई इसमें मिल रहा सालाना 8.2% ब्याज

नई दिल्ली, एजेंसी



अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और अपने लिए हर महीने इनकम का इंतजाम करना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजंस सेविंग्स स्कीम अकाउंट (SCSS) आपके लिए सही रहेगा। इस स्कीम में एक मुश्त पैसा लगाकर आप अपने लिए रिटायमेंट के बाद भी रेगुलर इनकम का इंतजाम कर सकते हैं।

अभी इस पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम में हर 3 महीने में ब्याज दिया जाता है। यानी 3 महीने में अधिकतम 61,500 रुपए तक का ब्याज आप हासिल कर सकते हैं, जो मंथली बेसिस पर 20,500 रुपए होगा।

पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजंस सेविंग्स स्कीम में सिर्फ 1000 रुपए में अकाउंट खोला जा सकता है। इस स्कीम में ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। अगर आप इसमें 30 लाख रुपए तक निवेश करते हैं तो आपको 8.2% के हिसाब से सालाना 2,46,000 रुपए ब्याज मिलेगा। चूंकि इस योजना के तहत ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है, तो अगर हम इसे 3-3 महीनों में बांटे तो ये 61,500 रुपए होगा। यानी हर 3 महीने में आपके अकाउंट में 61,500 रुपए आ जाएंगे।

इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का रहता है। यानी इस स्कीम में आपको 5 साल के लिए निवेश करना होता। हालांकि आप 5 साल से पहले भी अकाउंट बंद कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने पर आपको पेनल्टी देनी होती है।

**फास्ट न्यूज**

### 'वास्तविक शांति लाने के लिए यूक्रेन समझौते को तैयार'

नई दिल्ली। यूक्रेन शांति समझौते के लिए तैयार हो गया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख में कहा कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है, जो वास्तविक शांति लाएगा। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, 'यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए और यूरोप के लिए वास्तविक शांति लाएगा।'

### आईआईटी मद्रास, बर्कले में पढ़ाई और फिर कैलिफोर्निया में मौत

नई दिल्ली। भारतीय युवक साकेत श्रीनिवासैया की मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया है। अमेरिका में इस 22 साल के युवक की मौत हो गई है। साकेत यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से मास्टर डिग्री कर रहा था। साकेत श्रीनिवासैया छह दिनों से यूनिवर्सिटी कैंपस से लापता था। इन छह दिनों में साकेत को ढूंढने की कोशिश लगातार जारी रही, लेकिन साकेत के बारे में कोई खबर नहीं मिल रही थी। भारतीय कॉन्सुलेट ने साकेत के लापता होने के छह दिन बाद जानकारी दी है कि पुलिस को उनकी बॉडी मिल गई है।

### तारिक रहमान के सलाहकार बोले- बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

ढाका । न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि बांग्लादेश भारत के साथ नए सिरे से संबंधों की शुरुआत करना चाहता है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश की बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना भारत की जिम्मेदारी है।

## इंडिगो 1,000 से ज्यादा पायलट की भर्ती करेगी

### दिसंबर में क्रू की कमी से 5,000 उड़ानें रद्द हुई थीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बड़े पैमाने पर पायलटों की भर्ती करने की तैयारी में है। कंपनी 1,000 से ज्यादा पायलट नियुक्त करेगी। यह भारतीय विमानन क्षेत्र में किसी भी एयरलाइन द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी भर्ती मुहिम में से एक है। यह फैसला पिछले साल दिसंबर में आई परिचालन संबंधी दिक्कतों के बाद लिया गया है, जब क्रू की कमी के कारण महज 7 दिनों में 5,000 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंडिगो की इस भर्ती प्रक्रिया में ट्रेनी फर्स्ट ऑफिसर, सीनियर फर्स्ट ऑफिसर और कैप्टन के पद शामिल हैं। कंपनी अपने विस्तार और रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा करने के लिए यह कदम उठा रही है।

इंडिगो हर महीने बेड़े में 4 नए विमान जोड़ेगी। इन्हें उड़ाने के लिए



नए पायलटों की जरूरत है। कंपनी हर महीने 20 से 25 फर्स्ट ऑफिसर को प्रमोट कर कैप्टन बना रही है। एक ट्रेनी ऑफिसर को तैयार होने में 6 माह लगते हैं। कैप्टन बनने के लिए 1,500 घंटे उड़ान का अनुभव जरूरी है। कंपनी इन मानकों को सख्त कर रही है। नियमों के मुताबिक, हर विमान के लिए पायलटों के तीन सेट (एक कैप्टन और एक फर्स्ट ऑफिसर) होना जरूरी है। लेकिन इंडिगो के विमानों का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है, इसलिए उसे मानक से दोगुने पायलटों की जरूरत पड़ती है।


# बांग्लादेश- 17 को रहमान का शपथ समारोह

## मोदी को न्योता, इसी दिन पीएम की मुंबई में फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के चेयरमैन तारीक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह परंपरा से अलग इस बार राष्ट्रपति भवन की जगह ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में होगा। ढाका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, यह न्योता शनिवार देर रात भारतीय पक्ष को भेजा गया। इससे पहले BNP नेताओं ने संकेत दिया था कि दक्षिण एशियाई देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति



बांग्लादेश में हालिया चुनाव में तारिक रहमान ने जीत हासिल की है। उन्होंने ओथ सेरेमनी में पीएम मोदी को इनविटेशन भेजा है।

इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं, इसलिए उनके ढाका जाने की संभावना कम है। ऐसे में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर या उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन जैसे वरिष्ठ नेता कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत बांग्लादेश के साथ रिश्तों को रीसेट करना चाहता है, लेकिन जल्दबाजी में समझौता नहीं करना चाहता। खासकर ऐसे समय में जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को भी इस कार्यक्रम में बुलाए जाने की उम्मीद है।

### सार्क सदस्य देशों को न्योता देने की तैयारी में बांग्लादेश

बांग्लादेश ज्यादातर SAARC सदस्य देशों के नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। SAARC पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर शुरू हुआ था। जिया, तारिक के पिता थे। इसके अलावा चीन, मलेशिया, सऊदी अरब और तुर्किये जैसे मित्र देशों के प्रमुखों को भी बुलाने की तैयारी है। तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति बांग्लादेश के लोगों के हितों की रक्षा पर केंद्रित होगी और यह किसी एक देश पर आधारित नहीं होगी।

### रहमान बोले- सार्क को फिर एक्टिव करने की कोशिश करेंगे

बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की।

उन्होंने कहा कि SAARC की शुरुआत बांग्लादेश ने की थी, इसलिए वे इसे फिर से शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद वे दूसरे देशों से बात करेंगे और संगठन को दोबारा एक्टिव करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि देश में कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी। शांति और सुरक्षा बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून सभी पर बराबर लागू होगा। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है।

## इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है, दक्षिण अमेरिकी मेंढक में मिलता है

# आरोप : पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा

मॉस्को, एजेंसी

यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता। इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है। नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर



दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है।

नवलनी की 16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो यहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे।

ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति को जहर दिया गया था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की।

### नवलनी को पहले भी जेल जहर देने की कोशिश हुई थी

नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें 'नोविचोक' नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था। इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए।

### एक डार्ट मेंढक का जहर 10 लोगों को मार सकता है

डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है।

यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है। इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है। यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था।

## गिलगित-बाल्टिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स का पाकिस्तान कर रहा दोहन

नई दिल्ली, एजेंसी

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान में राजनीतिक हालात बिगड़ रहे हैं। चीन के अलावा, पाकिस्तान अब अमेरिकी और सेंट्रल एशियाई कंपनियों से भी इस इलाके में संसाधनों के दोहन में शामिल होने के लिए कह रहा है। इस इलाके पर उसने गैर-कानूनी तरीके से कब्जा कर रखा है। हाल ही में कजाकिस्तान और इंडोनेशिया ने गिलगित बाल्टिस्तान में सोने और तांबे की माइनिंग में इन्वेस्ट करने में दिलचस्पी दिखाई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान के रहने वाले सेंगे सेरिंग ने वॉशिंगटन के ग्लोबल स्ट्रैट व्यू में लिखा, ₹आतंकवाद के अलावा, कई लोकल एक्टिविस्ट मानते हैं कि गिलगित-बाल्टिस्तान में अस्थिरता का एक मुख्य कारण स्ट्रेटेजिक लोकेशन और रेयर अर्थ्स की मौजूदगी है। इसमें आगे लिखा गया, ₹पाकिस्तानी सेना लोकल लोगों के साथ रेवेन्यू या



मुआवजा शेयर किए बिना रिसोर्स का दोहन करना चाहती है। जब लोकल लोग सही हिस्सा मांगते हैं, तो पाकिस्तान रॉयल्टी देने से मना कर देता है, यह कहते हुए कि राजनीतिक परेशानी यह है कि जमीन विवादित जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनी हुई है और इसलिए संवैधानिक और आर्थिक अधिकारों के लायक नहीं है। वाशिंगटन में मौजूद गिलगित बाल्टिस्तान स्टडीज इंस्टीट्यूट (IGBS) के हेड सेरिंग ने बताया कि रेयर अर्थ एलिमेंट की प्रोसेसिंग और सप्लाई कुछ ही देशों में होती है, इसलिए गिलगित बाल्टिस्तान की भौगोलिक लोकेशन रेयर अर्थ सप्लाई चेन में डाइवर्सिटी लाने की बड़ी ग्लोबल इकॉनमी की कोशिशों को पूरा करती है।

**जांच :** फॉरेंसिक एक्सपर्ट बोले- गर्दन के फ्रैक्चर हत्या का इशारा कर रहे, दोबारा जांच होनी चाहिए

# दावा : जेफ्री ने आत्महत्या नहीं की, उसकी हत्या हुई

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की न्यूयॉर्क की जेल में 2019 में मौत पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। उसके पोस्टमार्टम में मौजूद रहे फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर माइकल बैडेन ने दावा किया है कि एपस्टीन ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उसका गला दबाया गया था।

'द टेलीग्राफ' को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच दोबारा होनी चाहिए। न्यूयॉर्क में सरकारी मेडिकल एग्जामिनर कार्यालय ने एपस्टीन की मौत को आत्महत्या करार दिया था। लेकिन डॉ. बैडेन का कहना है कि तथ्यों के



आधार पर मौत के कारण और तरीके की फिर से जांच आवश्यक है। तब पोस्टमार्टम की एक एडिटेड कॉपी में 'मौत का तरीका' पहले 'पेंडिंग' दिखाया गया था और 'आत्महत्या या हत्या' दोनों बॉक्स खाली थे। बाद में तत्कालीन मुख्य मेडिकल एग्जामिनर बारबरा सैम्पसन ने इसे आत्महत्या घोषित कर दिया। जबकि, डॉ. सैम्पसन पोस्टमार्टम के समय मौजूद नहीं थीं। अमेरिकी कांग्रेस



जेल के इसी कमरे में मृत मिला था एपस्टीन।

सदस्य लॉरेन बोबर्ट ने बिना संपादित (अनरेडैक्टेड) दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा, इस मामले में कल्पना से कहीं ज्यादा भयावह चीजों का खुलासा होना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में 'कैनिबल रेस्तरां' और 'जर्की' (मानव मांस) जैसे कोड शब्द ऐसे इस्तेमाल किए गए हैं जैसे यह सामान्य बात हो। कैनिबल रेस्तरां से मतलब ऐसे रेस्तरां से है जहां मानव मांस परोसा जाता हो। एपस्टीन की मौत पर जारी आधिकारिक बयान उनकी मौत से एक दिन पहले, 9 अगस्त 2019 को ही ड्राफ्ट किया गया था। यह खुलासा अमेरिकी न्याय विभाग के नए दस्तावेजों से हुआ है।

### डॉ. बैडेन बोले- शव को हटाने की प्रक्रिया भी असामान्य थी

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, एपस्टीन की गर्दन में तीन फ्रैक्चर थे- हायॉइड हड्डी और थायरॉयड कार्टिलेज में। डॉ. बैडेन का दावा है कि उन्होंने अपने 50 वर्षों के अनुभव में आत्महत्या के फांसी मामलों में इस तरह के तीन फ्रैक्चर नहीं देखे। उनका कहना है कि ऐसे फ्रैक्चर हत्या की ओर संकेत करते हैं। हालांकि, डॉ. सैम्पसन ने कहा था कि ऐसे फ्रैक्चर आत्महत्या और हत्या दोनों स्थितियों में देखे जा सकते हैं।

# दुबई में पाकिस्तानी भिखारियों की दुकान बंद

### भीख मांगने वाले शख्स से बरामद हुए लाखों रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

रमजान से पहले दुबई में पुलिस ने भीख मांगने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है। खासतौर पर विदेश से आने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसी अभियान के दौरान एक ऐसे भिखारी को पकड़ा गया जो लाखों की संपत्ति और तीन लग्जरी कारों का मालिक निकला। संदिग्ध और आपराधिक घटना विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर अली सलेम अल शम्सी के मुताबिक, कुछ लोग जनता की उदारता का गलत फायदा उठाकर पैसे कमाते हैं। बाजार में छापेमारी के दौरान एक भिखारी की चटाई के नीचे से 25000 दिरहम (करीब 6 लाख रुपये) बरामद हुए।

इसके अलावा टूरिस्ट वीजा पर आए एक एशियाई व्यक्ति के पास से 5 लाख रुपये बरामद किए गए। वह मस्जिदों के पास भीख मांगता था और




लोगों की सहानुभूति पाने के लिए अपने दो साल के बच्चे को साथ रखता था। भिखारियों की कमाई का अंदाजा लगाने के लिए शारजाह पुलिस ने एक परीक्षण किया। इसमें एक घंटे में 367 दिरहम (करीब 9 हजार रुपये) इकट्ठा हुए। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में से 90% ऐसे पर्यटक हैं जो रमजान के दौरान आसान पैसा कमाने के इरादे से आते हैं। बताया गया है कि पाकिस्तान के कुछ संगठित गिरोह लोगों को फ्लाइट टिकट और वीजा दिलाकर दुबई भेजते हैं। इनमें से अधिकतर लोग सिंध प्रांत के होते हैं।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96